हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

## शहर के भीतर इलाकों से गायब हुई ठंड, बाहरी क्षेत्रों में रात के वक्त बरकरार

■ सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रायपुर का पारा

अपेक्षाकृत गर्म हवा के असर से शहर के भीतरी भागों से एक तरह से ठंड गायब हो चुकी है। इसका असर शहर से दूर ग्रामीण इलाकों अथवा आउटर में महसूस हो रहा है। रायपुर में रात का तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। इस तरह की स्थिति पिछले साल भी इन दिनों में बनी हुई थी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक रात की लंबाई अधिक होने और वातावरण में नमी की वजह से सुबह के वक्त रायपुर समेत पूरे प्रदेश में कोहरे की स्थिति बन रही है इसके छंटने के बाद धूप भी असर दिखा रही है और दिन का पारा सामान्य से अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। राज्य में अभी पूर्व से हवा का प्रवेश हो रहा है, जिसकी दिशा बदलने तक मौसम में किसी तरह का बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। अभी रायपुर के शहरी इलाकों में नाममात्र की ठंड रह गई है। बाहरी इलाकों में ही इसका असर महसूस हो रहा है। अगले दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के आने से राज्य के तापमान में थोड़ी और बढ़ोतरी होने के आसार बन रहे हैं। इस दौरान बादल छाने और नए साल के प्रथम सप्ताह में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना भी बनने लगी है। इसके बाद हवा की दिशा में बदलाव होने पर ही ठंड की वापसी का अनुमान है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं पिछले चौबीस घंटे में रात का पारा 15.6 तक पहुंचा था। पिछले साल दिसंबर के अंत में शेष पेज 13 पर

# दिल्ली के कोहरे ने विमानों की चाल बदली, देर से पहुंचे रायपुर, मुंबई की फ्लाइट आई ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

दिल्ली में लगातार छा रहे कोहरे का असर रायपुर के लिए संचालित होने वाली उड़ानों पर भी हो रहा है। कोहरे की वजह से बुधवार शाम मुंबई-रायपुर फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ।

रायपुर से गोवा जाने वाली फ्लाइट को कल कैंसिल कर दिया गया था, जिसे लेकर एयरपोर्ट पर हंगामा भी हो गया था। अभी दिल्ली का मौसम सर्वाधिक प्रभावित है। वहां कड़ाके की ठंड के साथ सुबह के वक्त कोहरे का असर भी व्यापक रूप में नजर आ रहा है। धुंध की वजह से दिल्ली की सुबह देर से हो रही और वहां से उड़ानों को देर से संचालित किया जा रहा है।

दिल्ली में छाए कोहरे का असर रायपुर से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से आवाजाही करने वाली विमानों पर भी हुआ है। विभिन्न सेक्टरों के बाद मुंबई से रायपुर आने वाली शाम की फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। मुंबई से रायपुर के बीच नियमित रूप से तीन उड़ानों का संचालन होता है। सुबह के बाद दोपहर, फिर रात के शेड्यूल में एक फ्लाइट संचालित शेष पेज 13 पर

### मंगलवार शाम गोवा की उड़ान भी की गई थी कैंसिल

#### आने वाली कई फ्लाइट लेट

मौसम की वजह से दूसरे शहरों से रायपुर आने वाली अधिकतर फ्लाइट की उड़ान देर से पूरी हो रही है। आज सुबह कोलकाता से आने वाली फ्लाइट डेढ़ घंटे, मुंबई की उड़ान सवा घंटे, दिल्ली की 1.22, गोवा की पौन घंटे, हैदराबाद की सवा घंटे, भोपाल उड़ान सवा घंटे, दिल्ली की दोपहर फ्लाइट 2.20 घंटे, दिल्ली रात की फ्लाइट 1.50 घंटे विलंब से रायपुर पहुंची।



#### औसत 48 हजार यात्री

रायपुर विमानतल से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या अब बढ़ चुकी है। औसतन रूप से विमानतल के जरिए 48 हजार यात्री प्रति सप्ताह आवाजाही करते हैं। बीते सप्ताह रायपुर से संचालित होने वाली उड़ानों की संख्या 296 रही, जिसमें 24 हजार से अधिक यात्री रायपुर पहुंचे। वहीं 23 हजार से ज्यादा वापस भी लौटे। रायपुर से अभी रोजाना 20 से अधिक फ्लाइट संचालित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### गाय के साथ अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने की पुलिस ने गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में एक नशेड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में सूर्या तांडी को गिरफ्तार किया गया है। सूर्या के खिलाफ पुलिस ने अप्राकृतिक कृत्य की धारा 377 के तहत कार्रवाई की है। घटना के समय आरोपी नशे में धुत्त था।

### पांच किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** टिकरापारा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 50 हजार रुपए कीमत का पांच किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार जावेद उल्ला खान को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इंटर स्टेट बस टर्मिनल के तीन नंबर गेट के पास से गांजा जब्ती की है। वहां जावेद लोगों को गांजा बेच रहा था।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक वाहन चालक ने कार सवार चार लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक संतोष कुमार भट्ट ने दीपक दास, दीपक मिश्रा, ऋषभ तथा मुकेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया है कि वह माजदा से सामान लेकर जा रहा था। चारों लड़के अपनी कार से उसे ओवरटेक कर रोके तथा शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने एक अन्य व्यक्ति तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।



पुलिस के मुताबिक रमेश केडिया ने सुक्रिता चावला तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रमेश ने पुलिस को बताया कि सुक्रिता तथा उसके साथी जोर-जोर से ऊंची आवाज में गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर दोनों ने उसके तथा उसकी बेटी के साथ मारपीट की।

### छोटा हाथी से घर का सामान चोरी कर ले गए

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ छोटा हाथी वाहन से घर का सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बरबंदा निवासी द्रोण कुमार वर्मा ने छोटा हाथी सीजी 04 जेए 9345 में आए अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। द्रोण ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उक्त वाहन में आकर उसके घर का ताला तोड़कर 20 हजार रुपए कीमत का सोफा, डायनिंग टेबल चोरी कर ले गए।

### एनजीटी ने दिए राहत के संकेत

# गिट्टी-रेत खदानों पर लगा बैन हटा, अप्रैल तक वैध, अब कीमतों में राहत के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रेत और चूना पत्थर (गिट्टी) खदानों के ठेका संचालकों को एनजीटी की रोक के मामले में बड़ी राहत मिली है। कुछ ठेका संचालकों द्वारा लगाई गई याचिका पर कोर्ट ने खदानों को पूर्व में दी गई एनओसी की तारीख तक उत्खनन को वैध करार दिया है। इस तरह ऐसी सभी खदानों पर उत्खनन जारी रहेगा, जिसे अप्रैल 2024 तक उत्खनन के लिए एनओसी दिया गया है। एनओसी की तारीख खत्म होने के बाद खदानों में उत्खनन अवैध कहलाएगा। इस तरह सभी खदानों में वैध रूप से उत्खनन जारी रखने के लिए जिलास्तरीय पर्यावरण विभाग (डीआ) से पहले राज्यस्तरीय पर्यावरण विभाग (सीआ) से अनुमति लेनी होगी।

### रोक हटने के बाद भी बढ़ी कीमत नहीं

सेंट्रल एनजीटी की रेत और गिट्टी की खदानों पर रोक लगाने के बाद इनकी कीमतों में भारी उछाल आया है। रेत फीट में 5-6 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिससे प्रति हाईवा रेत 12 हजार रुपए 17 से 18 हजार रुपए में मिल रही है। इसी तरह गिट्टी भी फीट में 3-4 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिससे 19 हजार हाईवा गिट्टी की कीमत 22-23 हजार रुपए हो गई है। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद संभावना जताई जा रही थी कि रेत और गिट्टी दोनों की कीमत में गिरावट आएगी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है। दोनों की कीमत अभी भी बढ़ी हुई हैं, जिससे आम लोगों को इससे राहत मिल नहीं पा रही है।

### गाइडलाइन के अनुसार खदानों को डीआ से पहले सीआ से एनओसी लेने का है नियम




#### रेत की कई खदानों को अब तक डीआ से ही नहीं मिल पाया है एनओसी

प्रदेश में रेत की कई खदानों को टेंडर निकालकर उन्हें ठेके पर दे दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी अब तक ऐसी कई खदानें हैं, जिन्हें डीआ से ही एनओसी नहीं मिल पाई है। इसके बावजूद इन खदानों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन धड़ल्ले से जारी है।

#### अप्रैल तक रोक हट गई है, सीआ से लेना होगा एनओसी

एनजीटी ने सभी खदानों का एनओसी रद्द कर उत्खनन पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के बाद खदानों को राहत मिली है। कोर्ट ने पूर्व में जारी एनओसी तारीख का हवाला देकर अप्रैल 2024 तक खदानों में उत्खनन को वैध मानते हुए रोक हटा दी है। हालांकि इसके बाद खदानों को पहले सीआ से एनओसी लेना होगा। इस संबंध में शासन जल्द आदेश जारी करेगा।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक खनिज विभाग

#### डीआ ही जारी करता रहा एनओसी, अब नहीं कर पाएंगे

छत्तीसगढ़ में रेत और गिट्टी खदानों को अब तक डीआ ही एनओसी जारी करता रहा है, जबकि एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार खदानों को डीआ से पहले सीआ से एनओसी लेने का नियम है, लेकिन राज्य के कई जिलों में इस नियम को अनदेखा करते हुए ऐसी कई खदानों को एनओसी जारी कर रहा था, जिससे पर्यावरण विभाग को नुकसान पहुंच रहा था। सेंट्रल एनजीटी भोपाल बेंच ने इसे देखते हुए डीआ के तहत जारी सभी एनओसी को रद्द कर दिया था, लेकिन लीज पर लेने वाले कुछ खदान संचालकों ने इस आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। इस याचिका पर कोर्ट ने उन्हें पूर्व में एनओसी की तारीख तक राहत दी है। हालांकि अप्रैल के बाद खदानों को एनओसी डीआ जारी नहीं कर पाएगा। नियम के अनुसार डीआ से पहले सीआ से एनओसी लेना होगा।

#### अवधि खत्म होने से पहले लेना होगा एनओसी

अप्रैल में सभी खदानों की एनओसी अवधि खत्म हो रही है। इसके बाद खदानों में उत्खनन का काम तभी आगे जारी रह पाएंगे, जब तक सीआ और फिर डीआ से एनओसी नहीं मिल जाता। सीआ और डीआ से एनओसी मिलने में भी समय लग सकता है। इसे देखते हुए खदानों की एनओसी के लिए आवेदकों को एक से डेढ़ माह पहले आवेदन करना होगा।

#### जनवरी से कीमत गिरने की संभावना

रेत और गिट्टी के कुछ चिल्हर विक्रेताओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, रोक अभी पूरी तरह से हटी नहीं है। इस संबंध में खनिज विभाग द्वारा अब तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। इसके कारण थोक कारोबारी अभी भी रेत और गिट्टी बढ़े दाम पर ही बेच रहे हैं। आगामी दिन में आदेश जारी हो सकता है। इसके बाद संभवतः जनवरी से कीमत भी घटेगी।

## पौधों के पत्तों पर जमी धूल हटाएगी एंटी स्मॉग गन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ नगर निगम ने 10 लाख खर्च कर खरीदी शावर मशीन

राजधानी रायपुर में पानी की महीन बूंदों के साथ शहर के चौराहों, डिवाइडरों पर लगाए गए पेड़-पौधों के पत्तों में जमी धूल और प्रदूषण के कण कम करने एंटी स्मॉग गन काम करेगी। वायु प्रदूषण को कम करने विशेष तौर पर इस शावर मशीन की डिजाइन की गई है। इस मशीन की क्षमता डेढ़ घंटे तक पानी के छिड़काव करने की है। पहली बार एंटी स्मॉग मशीन शहर की सड़क पर उतारी गई है। इस तरह की मशीन का उपयोग इससे पहले दिल्ली, जयपुर और पटना जैसे बड़े शहरों में सफलता पूर्वक किया जा चुका है। मेट्रो सिटी शेष पेज 13 पर

#### धूल के कण को हटाने में मददगार

एंटी स्माग गन मशीन की खासियत ये है कि यह मशीन पानी की महीन बूंदें बनाती है, बड़े पंखे की मदद से पानी की बूंद को पौधे के हर पत्ते तक फैलाई जाती है। इससे यह हवा में मौजूद धूल के बारीक कणों को सोख लेती है। खासकर पेड़-पौधों के पत्तों पर जमी धूल की परत को पानी की फुहार कर उससे होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने में सहयोग मिलता है।

#### रोड स्वीपिंग मशीन के बाद एंटी स्मॉग गन

इससे पूर्व रायपुर नगर निगम ने शहर के टू लेन, फोर लेन और 6 लेन वाली चुनिंदा सड़कों पर जमने वाली धूल को साफ करने और सड़क तथा डिवाइडर की धुलाई कराने मुंबई की ग्लोबल गूच कंपनी के साथ अनुबंध किया। अनुबंधित एजेंसी ने चयनित मार्गों की रात्रिकालीन सफाई करने अलग-अलग रूट पर 4 रोड स्वीपिंग मशीनें लगाई हैं। यह मशीन पहले शहर की व्यस्ततम सड़क पर जमी धूल को सोख कर निर्धारित चैंबर में उड़ेलती है। उसके बाद दूसरी मशीन से पानी की फुहार छोड़ते हुए सड़क की धुलाई का काम किया जाता है। रोड स्वीपिंग मशीन की तर्ज पर वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने नगर निगम ने अबकि बार एंटी स्मॉग मशीन सड़क पर उतारी है।

## मोतीबाग चौक के पास तिमंजिला रीडिंग जोन तैयार नए साल में मिलेगी सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ 5 जनवरी को हो सकता है उदघाटन वातानुकूलित कक्ष, वाईफाई की नि:शुल्क सुविधा

शहरवासियों को मोतीबाग क्षेत्र स्थित नगर निगम जोन 4 दफ्तर के पास सर्व सुविधायुक्त नए रीडिंग जोन की सौगात नए साल में मिलेगी। 8 करोड़ खर्च कर तिमंजिला लाइब्रेरी बनकर तैयार है, जिसका संचालन नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित कर किया जाएगा। स्कूल, कालेज के विद्यार्थियों के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा भी यहां रीडिंग रूम में घर से किताबें लाकर एकांत में अध्ययन कर सकेंगे। 5 जनवरी को इसका उद्घाटन संभावित है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 8 करोड़ खर्च कर शहर के मध्य तिमंजिला रीडिंग जोन कम लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। वहां पर 600 लोगों की बैठने की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। परिसर को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया गया है। पाठकों के बैठने की सुविधा के लिए आवश्यक फर्नीचर के साथ ही रीडिंग जोन को वातानुकूलित बनाया गया है। इसके साथ ही रीडिंग जोन कैंपस पूरी तरह वाई फाई की सुविधा से लैस रहेगा। नगर निगम जोन 4 की देखरेख में प्रेस क्लब के पीछे बनवाए गए नवनिर्मित रीडिंग जोन के लिए मेंबरशिप पर भी विचार किया जा रहा है।

#### नए साल में मिलेगी सौगात

मोतीबाग के समीप नवनिर्मित बहुमंजिला रीडिंग जोन बनकर तैयार है। नए साल में शहरवासियों को इसकी सौगात मिलेगी। शहर के बीच शांत वातावरण में सर्व सुविधायुक्त रीडिंग जोन कम लाइब्रेरी 8 करोड़ की लागत से तैयार की गई है।

**- आशीष मिश्रा,** जनरल मैनेजर कम्यूनिकेशन, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### चोरी, ऊपर से सीनाजोरी

## रिपोर्ट लिखाने वाले पर धारदार हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ टिकरापारा थाना क्षेत्र की घटना, दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

बदमाशों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई के दावों के बीच बदमाश पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। एक ऐसे ही मामले में बदमाश एक दुकानदार के यहां चोरी करने की नीयत से घुसे, पकड़े जाने पर दुकानदार ने इसकी शिकायत थाने में की। थाने में शिकायत होने की जानकारी मिलने पर बदमाशों ने दूसरे दिन दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के संजय नगर बकरा मार्केट की है।

पुलिस के मुताबिक सनत कुमार गुप्ता की शिकायत पर यशवंत शुक्ला तथा दो अन्य नाबालिगों को पकड़ा है। सनत ने पुलिस को बताया है कि सोमवार को उसके घर से सटी दुकान में खटरपटर की शेष पेज 13 पर

#### दुकान के अंदर घुसकर मारा चाकू

सनत ने पुलिस को बताया कि घटना के दूसरे दिन मंगलवार को तीनों बदमाश उसकी दुकान में आए। बदमाशों ने दुकानदार को चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई, कहते हुए पहले सनत के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद बदमाशों ने अपने साथ लाए धारदार हथियार से हमला कर दिया। बदमाशों के हमले से बचने के दौरान सनत की अंगुली तथा हाथ में जख्म आए। घटना के बाद पुलिस ने यशवंत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है, जबकि नाबालिगों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

अभ्यर्थी 2018 में हुई परीक्षा के परिणाम की मांग कर रहे

## एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों ने निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो माह पूर्व आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा में धांधली होने के आरोप तथा वर्ष 2018 में आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों के साथ अन्याय होने का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने बुधवार को सुभाष चौक से आंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। एसआई भर्ती परीक्षा में हुई धांधली की जांच की मांग करते हुए अभ्यर्थी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से पूर्व में मुलाकात कर चुके हैं।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर तत्कालीन राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से अनुमति लेकर व्यापम के माध्यम से परीक्षार्थियों का 10 दिन के भीतर प्री एग्जाम लिया। परीक्षा आयोजित होने के 15 दिन बाद अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया। परीक्षार्थियों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें परीक्षा परिणाम के रिजल्ट बंद लिफाफे में दिए गए। रिजल्ट जारी होने के 15 दिन बाद फिजिकल टेस्ट लिए जाने की प्रक्रिया पर छात्रों ने धांधली होने का आरोप लगाया है।



जांच की मांग



अभ्यर्थी वर्ष 2018 में आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा के नतीजों की मांग करने के साथ अभी हुई परीक्षा में धांधली की जांच की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने तीन दिन पूर्व भी रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए एसएसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

## रायगढ़ व बस्तर तक पहुंचा कोरोना, चौबीस घंटे में पांच नए मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ रायपुर में एक नए संक्रमित की पहचान, राज्य में 19 संक्रमित

सात दिन में आगे बढ़ते हुए कोरोना का वायरस रायगढ़ और बस्तर जिले तक पहुंच गया है। चौबीस घंटे में 3346 सैंपलों की जांच में पांच नए मरीजों का पता चला है। इनमें रायपुर जिले का एक संक्रमित शामिल है। राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 19 तक पहुंच गई है, जिनका इलाज घरों में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अफसर आने वाले दिनों में नववर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजन में जुटने वाली भीड़ को लेकर चिंतित हैं। उनका तर्क है, ऐसे इलाकों में लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है अथवा संक्रमण का विस्तार हो सकता है। वर्तमान में कोरोना के इक्के-दुक्के केस मिल रहे हैं, जो बेहद ही सामान्य स्थिति है और इस पर अभी रोक लगाने की आवश्यकता है। जिन्हें कोरोना संक्रमित पाया गया है, वे सभी सर्दी-खांसी से पीड़ित थे और समस्या ठीक नहीं होने पर चिकित्सकों की सलाह पर अपना कोविड टेस्ट शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


बिंटर बाज़ार
आया है नया साल
सेविंग वाले ऑफर्स के साथ
1 ANNIVERSARY Celebration
ANANTRA MART ™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAAJISHA TRADERS
अनंतरा लेकर आए हैं ...
MINIMUM 7%* to 70%* OFF ON MRP EVERYDAY
OUR PRICE 40 MRP - 45 Sugar
OUR PRICE 60 Shri Ram HMT Old Rice
OUR PRICE 149 Falli Dana
OUR PRICE 140 Toor Dal Regular
OUR PRICE 229 MRP - 300 Tilli White
OUR PRICE 129 Lal Gulab Mustard Oil
OUR PRICE 95 MRP - 119 Sooprlife Refind Sunflower Oil
OUR PRICE 46 Anshul Jaggry
OUR PRICE 524 MRP - 659 Gaia Ghee Refill*
OUR PRICE 189 MRP - 320 Bikaji Bikaneri Bhujia
BUY 1 GET 1 Haldiram Soan Cake
ONLY AT 38 MRP - 50 Cadbury Celebrations
OUR PRICE 40 MRP - 120 Oleev Penne Pasta
BUY 1 GET 1 Selected Range Body Lotion
OUR PRICE 789 MRP - 989 Tide Double Power
OUR PRICE 1224 MRP - 3175 Mixture Grinder
OUR PRICE 449 MRP - 790 Usha Immersion Heater
OUR PRICE 599 MRP - 1195 Pigeon Hot Kettle + Pigeon Inox Hydra Water Bottel
OUR PRICE 119 MRP - 512 Choice Lock Container
OUR PRICE 1924 MRP - 5090 Pigeon Aluminium Cooker + Pigeon Egnite Induction
OUR PRICE 5924 MRP - 23700 AT Set of 3 Trolly Bag
OUR PRICE 449 MRP - 1099 Nayasa Round Soup Set 18 Pcs
Door Mat STARTING AT 29
WELCOME
UPTO 25% OFF Doms & Camlin Stationery
Special Offer
1024 की खरीदी पर Only @ ₹1 Milton Bottle
2524 की खरीदी पर Only @ ₹1 Kishmish 250 g
4024 की खरीदी पर Only @ ₹1 Uttam Tazza Rasgulla
8024 की खरीदी पर Only @ ₹1 Pigeon Steel Bottle
HOME DELIVERY
1024, 2524, 4024, 8024 तेल, घी और चीनी में ये योजना लागु नहीं होगी
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. : 78800 08071 • जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. : 78800 08072 • शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. : 78800 08073
नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सूचना के बिना बदलाव के अधीन है। ऑफर स्टॉक रहने तक। दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्रा है। ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते है। सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन है। सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते है। हम खुदरा व्यापर करते है कोई होलसेल बिक्री नहीं करते है।

## खबर संक्षेप



### 22 तक साईं नगर जोरा में जारी रहेगी रामधुन

रायपुर। साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा में शाम को रामधुन 22 जनवरी तक चलेगी। यह कार्यक्रम अयोध्या में होने वाले रामलला के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने तक जारी रहेगा। वीआईपी चौक स्थित राम मंदिर से वहीं पर सनातनी शिक्षा ग्रहण कर रहे 9 विद्यार्थियों की टोली भारतीय परिधान में श्रीराम नाम का गुणगान साईं नगर जोरा में करने के लिए पहुंचे हैं। आचार्य चंद्रप्रकाश तिवारी चित्रकूट, पं. अजय द्विवेदी चित्रकूट, अनुराग मिश्रा, नितेश पाठक, हर्ष दुबे, शिवसागर दुबे, पार्थ तिवारी और अंकुर मिश्रा ने केसरिया झंडा लहराते हुए साईं नगर जोरा का भ्रमण किया। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संतोष शर्मा, सुरेश सोनी, छगनलाल साहू, मिथिलेश श्रीवास्तव, छोटेलाल ठाकुर, देवनारायण चंद्राकर, अनिल सिंह, डी. सुरेश राव और अमन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### वाधवा स्कूल का वार्षिकोत्सव 30 को

रायपुर। वाधवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंद नगर का 33वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 30 दिसंबर को होने जा रहा है। समारोह पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम सांइस कालेज परिसर में दोपहर 1 बजे से होगा। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें गायन, वादन, नृत्य और नाट्य मंचन स्कूल के छात्र प्रस्तुत करेंगे। समारोह में स्कूल के मेधावी छात्रों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## निधन

### डॉ. दिलीप झा



रायपुर। सुंदर नगर ओम सोसाइटी निवासी सेवानिवृत्त बीएमओ डॉ. दिलीप झा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 दिसंबर को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे डॉ. अनिता झा के पति एवं डॉ. मेघा झा और डॉ. नेहा झा के पिता थे।

### रमाशंकर सिंह



रायपुर। लाखे नगर निवासी रमाशंकर सिंह (85) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर को दोपहर 3.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे डॉ. अजय सिंह के पिता थे।

# नए वर्ष में बदलेगा कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री भवन का स्वरूप, लोस चुनाव के बाद काम शुरू होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

नए वर्ष से कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री भवन को भी नए स्वरूप में ढालने का काम शुरू हो जाएगा। शासन ने तीनों बिल्डिंग को नया स्वरूप देने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति से लेकर उनकी डिजाइन आदि सभी तैयार कर ली है। तीनों बिल्डिंग के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। इसमें से कलेक्टोरेट एवं रजिस्ट्री बिल्डिंग के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है, जबकि तहसील बिल्डिंग के लिए अब तक निविदा जारी नहीं की गई है। इन तीनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य नए वर्ष में शुरू होना है, लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव इसमें बाधा बन सकता है। संभावना जताई जा रही है कि लोकसभा चुनाव होने के बाद ही तीनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

***वित्त विभाग से लेनी होगी पुनः स्वीकृति :*** कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री की नई बिल्डिंग निर्माण के लिए पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राशि की स्वीकृति दी गई है। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में अब भाजपा की सरकार है। ऐसे में पूर्व सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत ऐसे कार्य जो अब तक प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, उनकी स्वीकृति वित्त विभाग से पुनः लेनी होगी। इसके लिए विभागों के अधिकारी स्वीकृत कार्यों की सूची बनाकर वित्त विभाग को पुनः स्वीकृति के लिए भेज रहे हैं। इसके कारण भी कलेक्टोरेट, तहसील एवं रजिस्ट्री बिल्डिंग का काम शुरू होने में देर हो सकती है।

## तीनों बिल्डिंग के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई

### 29 करोड़ की लागत से बनेगा कलेक्टोरेट

कलेक्टोरेट में नई कंपोजिट बिल्डिंग 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनेगी। यह बिल्डिंग आधुनिक के साथ सर्वसुविधायुक्त होगी। नई कंपोजिट बिल्डिंग 2555 वर्गमीटर एरिया में बनाई जाएगी। इसमें जिला प्रशासन की बिल्डिंग 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग 800 वर्गमीटर एरिया में बनेगी। इस बिल्डिंग के एक हिस्से में जिला प्रशासन और दूसरे हिस्से में जिला पुलिस प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालय होंगे। जिला प्रशासन की बिल्डिंग में कलेक्टर, अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के चैंबर से लेकर कोर्टरूम के साथ बड़ा कांफ्रेंस रूम, रिकॉर्ड रूम सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग रूम भी होंगे। इसी तरह जिला पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग में भी एसएसपी चैंबर के साथ बड़ा कांफ्रेंस रूम, वेटिंग हॉल, एसआरसी ब्रांच, मिसिंग प्यूपल ब्रांच, चीफ क्लर्क, सीसीटीएनसी, पोलिस बैंक, सीआईसी ब्रांच, कंप्लेंट ब्रांच के भी रूम होंगे।



### 5 मंजिला नई रजिस्ट्री बिल्डिंग के लिए 916.70 लाख रुपए स्वीकृत

पांच मंजिला रजिस्ट्री भवन के लिए शासन ने 916.70 लाख रुपए की राशि स्वीकृति दी है। नए भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा। इसके लिए विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है।

### 11 करोड़ की लागत से बनेगी तहसील बिल्डिंग

तहसील भवन को तोड़कर उसकी जगह हाईटेक पांच मंजिला बिल्डिंग बनेगी। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए करीब 11 करोड़ रुपए की राशि की प्रशानिक स्वीकृति दी गई है। बिल्डिंग के निर्माण की अब तक निविदा निकाली नहीं गई है।

### पुनः स्वीकृति के लिए भेजा गया

पूर्व में स्वीकृत कार्य जिनका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, ऐसे कार्यों की सूची बनाकर वित्त विभाग को पुन: स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

*- हेमंत अरोरा*
*ईई, पीडब्ल्यू*

## 10 जोन से अब तक हो पाई है महज 86 करोड़ की वसूली

# चुनाव ने आधे से भी कम कर दी, बचे तीन माह में 103 करोड़ की वसूली बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम की विधानसभा चुनाव ने कमाई आधी से भी कम कर दी है। 9 महीने में शहर के 70 वार्डों से नगर निगम का राजस्व महकमा केवल 86 करोड़ रुपए टैक्स के रूप में वसूल पाया, जो कुल राजस्व वसूली का महज 45 फीसदी है।

- **आयुक्त ने दिया है 189 करोड़ टैक्स वसूली का टारगेट**

बचे 3 माह में उसे टारगेट पूरा करने 103 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली करनी पड़ेगी। ऐसे में बकाया राजस्व वसूली के लिए दस जोन के बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर जोन कमिश्नरों को बकाया राजस्व वसूली तेज करने निर्देशित किया गया है।

प्रदेश में हाल ही में हुए चुनाव ने निकाय की कमाई को बुरी तरह प्रभावित किया है। मार्च तक राजस्व विभाग को 189 करोड़ की राजस्व वसूली करने निगम आयुक्त ने टारगेट दिया है। इसकी तुलना में 10 जोन के 70 वार्डों से अब तक केवल 45 फीसदी टैक्स की वसूली हो पाई है। अब 55 फीसदी बकाया राशि वसूलने नगर निगम को केवल 3 माह का समय मिलेगा। ऐसे में 103 करोड़ की बकाया राजस्व वसूलने निगम के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने है।

### जलकर वसूली में फिसड्डी

नगर निगम का राजस्व महकमा लोगों से जल कर वसूली के मामले में फिसड्डी साबित हो रहा है। अप्रैल से नवंबर तक जल कर के रूप में मात्र 19 फीसदी वसूली हो पाई। वहीं नगर निगम की दुकानों का किराया देने के मामले में आवंटिती उदासीनता बरत रहे हैं। यही वजह है कि दुकान किराया वसूली का आंकड़ा 11 फीसदी पर सिमट कर रह गया है। ऐसे में महापौर एजाज ढेबर और नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने सभी जोन कमिश्नरों की मीटिंग लेकर जोनवार बड़े बकायादारों की सूची शार्ट लिस्ट करने निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में जोनवार बकाया राजस्व वसूली अभियान तेज किया गया है।




### संपत्ति कर जमा नहीं किया, दुकान सील

जोन 3 राजस्व विभाग ने गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित जय भोले व्यावसायिक परिसर की दुकान को बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने पर बुधवार को सील कर दिया। संबंधित करदाता ने 2 लाख 10 हजार 650 रुपये का बकाया संपत्ति कर समय पर भुगतान नहीं किया। इस पर निगम अमले ने दुकान को सीलबंद की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर विमल शर्मा ने बताया, पंडरी कपड़ा बाजार की सभी दुकानों में दुकानदारों के अनुज्ञप्ति लाइसेंस की स्थल पर जांच की गयी है।

### 26 दिन में 10 जोन ने वसूली 12 करोड़ से ज्यादा की रकम

नगर निगम के राजस्व विभाग ने दिसंबर में 1 से 26 दिसंबर तक की समय अवधि में 10 जोन के माध्यम से 12 करोड़ 48 लाख की राजस्व वसूली की है। इनमें से सबसे ज्यादा राजस्व वसूली मोहबा बाजार स्थित जोन 8 अमले ने की है। यह राशि 1 करोड़ 94 लाख से ज्यादा है। इसी तरह अमलीडीह स्थित नगर निगम के जोन 10 द्वारा 26 दिन के भीतर 1 करोड़ 70 लाख से भी ज्यादा बकाया राशि बड़े बकायादारों से वसूल की है। जोन 8 के 7 वार्डों में 1305 करदाताओं से इस अवधि में बकाया कर राशि भुगतान के रूप में प्राप्त हुई है।

### जोनवार बड़े बकायादारों की सूची नोटिस भेज कर रहे आगाह

उपायुक्त राजस्व का कहना है, नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में संबंधित एआरओ से टाप 100 बड़े बकायादारों की सूची तैयार करवाई गई है। इस सूची में 1 लाख से लेकर 10 लाख तक के बकाया करदाता शामिल हैं। उन्हें जोन कमिश्नर के निर्देश पर बकाया टैक्स वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। निर्धारित समय सीमा में टैक्स जमा करने की हिदायत के साथ यह आगाह किया जा रहा है कि समय पर टैक्स जमा नहीं करने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक दस जोन में 1 लाख से अधिक के बकायादारों की सूची बनाकर संबंधित जोन के सहायक राजस्व अधिकारी नोटिस भेजकर बकाया राजस्व वसूली में जुट गए हैं। राजस्व विभाग के आला अधिकारियों का कहना है, वर्ष 2023-24 की मांग गणना के लिए ऑनलाइन पोस्टिंग की जा रही है। आने वाले दिनों में जोन स्तर पर राजस्व वसूली के काम में तेजी आएगी।

# हत्या की आरोपी किशोरी युवक प्रतिबंधित नशीली सीरप के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एसीसीयू तथा एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक किशोरी तथा एक युवक के कब्जे से पौने दो सौ सीसी प्रतिबंधित कफ सीरप जब्त की है। टीम ने किशोरी तथा युवक के कब्जे से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 कुंदरापारा गेट के पास से जब्त की है। जब्त कफ सीरप की कीमत 32 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक राहुल साहू तथा किशोरी के कब्जे से सीरप जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार हत्या के आरोप में पूर्व में माना बाल संप्रेक्षण गृह में रह चुकी किशोरी तथा राहुल के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित मादक पदार्थ तस्करी करने की पुलिस को सूचना मिल रही थी। इसके बाद पुलिस दोनों पर नजर रखने लगी। इसी दौरान पुलिस को राहुल तथा किशोरी के पास कफ सीरप होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा।

- **गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में किशोरी, युवक के कब्जे से पौने दो सौ शीशी कोडिन सीरप जब्त**

### मूक बधिर की हत्या के आरोप में जेल जा चुकी

पुलिस ने कफ सीरप के साथ जिस किशोरी की पकड़ा है, वह एक वर्ष पूर्व एक मूक बधिर युवक की हत्या के आरोप में माना संप्रेक्षण गृह में रह चुकी है। किशोरी ने मूक बधिर की हत्या केवल इस बात के लिए कर दी थी कि उसने उसकी दोपहिया को साइड नहीं दिया था। पुलिस के अनुसार कफ सीरप के साथ पकड़ी गई किशोरी पूर्व में भी प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री के आरोप में पकड़ी जा चुकी है।

### पुष्करणा प्रीमियर लीग का शुभारंभ आज

रायपुर। नेताजी सुभाष स्टेडियम में 28 दिसंबर को शाम 6.30 बजे पीपीएल सीजन 4 का शुभारंभ होने जा रहा है। शुभारंभ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। समाज ट्रस्ट के ट्रस्टी मनीष वोरा ने बताया कि समाज के युवाओं में खेल प्रतिभा का विकास करने के उद्देश्य से पुष्टिकर समाज रायपुर की ओर से प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है। मुख्य ट्रस्टी चंद्रप्रकाश व्यास ने बताया कि प्रबंधक ट्रस्टी विजयलक्ष्मी बोहरा ने कहा कि पीपीएल सीजन 4 में इस वर्ष महिलाओं के साथ ही बच्चों के लिए भी सरप्राइज गेम्स का आयोजन 29 से 31 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से रखा गया हैं।

## सूचना - नाम परिवर्तन

27/12/2023

सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, ADHIR KUMAR SHRIVASTAVA पुत्र SHIV BHUSHAN LAL SHRIVASTAVA और निवासी, हाउस नंबर 438-ए, सेक्टर-1, प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़), ने अपना पुराना नाम ADHEER KUMAR SHRIVASTAVA पुत्र SHIV BHUSHAN LAL SHRIVASTAVA को बदल दिया है। इसलिए अब मुझे मेरे नए नाम ADHIR KUMAR SHRIVASTAVA पुत्र SHIV BHUSHAN LAL SHRIVASTAVA के रूप में पहचाना जाना चाहिए, और इसके लिए सभी सरकारी और अन्य संबंधित दस्तावेजों में मुझे इस नए नाम के रूप में मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

**ADHIR KUMAR SHRIVASTAVA**
**हाउस नंबर 438-ए, सेक्टर-1, प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001**

## पेज 11 के शेष ...

### दिल्ली के कोहरे ने...

होती है। रात की उड़ान का संचालन नहीं होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बदले मौसम की वजह से रायपुर से गोवा जाने वाली फ्लाइट को मंगलवार रात रद्द करना पड़ गया था। गोवा के लिए फ्लाइट शाम सात बजे उड़ान भरती है, मगर उसका संचालन रात दस बजे तक नहीं हो पाया। इंतजार करने वाले यात्रियों ने इसे लेकर एयरपोर्ट पर हंगामा करना शुरू कर दिया था। उनकी नाराजगी को देखते हुए रात 11 बजे विमानन कंपनी से फ्लाइट का संचालन नहीं करने की जानकारी दी। इसे लेकर यात्री भड़क गए। बाद में किराए की राशि रिफंड करने के आश्वासन के बाद उनका गुस्सा शांत हुआ।

### शहर के भीतर इलाकों...

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव राज्य के मौसम पर था। उस दौरान भी यहां से ठंड एक तरह से गायब थी। राज्य में अभी रात का तापमान अंबिकापुर में आठ डिग्री तथा दिन का तापमान दुर्ग का 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

### पौधों के पत्तों पर...

की तरह अब रायपुर में पौधों पर प्रदूषण के स्तर को कम करने नगर निगम ने एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका डेमो राजधानी के शहीद भगत सिंह चौक, पचपेड़ी नाका मार्ग, पंडरी मुख्य मार्ग और गांधी उद्यान के सामने किया गया। शहर के बगीचों, सड़क के डिवाइडर पर लगाए गए पौधों, फूलदार पौधे व छोटे पेड़ों को पानी देने इस मशीन का उपयोग अब नियमित रूप से किया जाएगा। एन कैंप मद के अंतर्गत मिली राशि से नगर निगम ने इस मशीन को 10 लाख रुपए में खरीदा है।

**180 डिग्री तक करेगी पानी का छिड़काव :** प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया, नई मशीन पूरी तरह से ड्राइवर केबिन द्वारा कंट्रोल किया जाएगा। इस मशीन से बगीचों और पेड़ पौधों पर पानी का छिड़काव होगा। 180 डिग्री तक पानी का छिड़काव करने वाली नई मशीन का टैंकर करीब 4 हजार लीटर क्षमता का है।

### रिपोर्ट लिखाने वाले पर...

आवाज आने पर वह अपनी दुकान के अंदर गया, तो उसने देखा की यशवंत तथा उसके साथी दुकान में चोरी करने की नीयत से घुसे हैं। इस पर सनत ने इसकी शिकायत थाने में की। थाने में शिकायत करने की जानकारी मिलने पर बदमाश आक्रोशित हो गए और सनत को सबक सिखाने प्लान बनाया।

### रायगढ़ व बस्तर तक पहुंचा...

करवाया था। रायपुर में कोरोना का जो मामला सामने आया है, वह पुरानीबस्ती इलाके से संबंधित है। रायपुर में इसे मिलाकर एक्टिव केस छह हो चुके हैं, जिनमें से अगले दो से तीन दिनों में कुछ के ठीक होने की संभावना भी बनने लगी है। राज्य में कोरोना के कुल मामले 19 हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक सात केस दुर्ग जिले से हैं। इसके अलावा रायगढ़ में चार जिलों में एक-एक संक्रमित मिले हैं।

# आनंद नगर में नाला के ऊपर बनाई दीवार ढहाई दलदल सिवनी रोड पर 2 दर्जन अवैध कब्जे हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम जोन 3 की टीम ने बुधवार को आनंद नगर में नाले की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई दीवार को बुलडोजर से ढहाने की कार्रवाई की। नाले को पाटकर खड़ी की गई दीवार को हटाने निर्माणकर्ता को नगर निगम ने नोटिस देकर हटाने की हिदायत भी दी थी, पर इसकी अनदेखी करने और जनशिकायत पर इसे बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। इसी तरह दलदल सिवनी मार्ग पर किए गए 2 दर्जन अवैध कब्जे हटाए गए।

- **रेलवे स्टेशन फाफाडीह चौक पर दुकान के बाहर रखे सामान को किया जब्त**



दरअसल जोन 3 क्षेत्र के आनंदनगर इलाके में एक मकान मालिक द्वारा नाले को पाटकर दीवार खड़ी करने से नाला संकरा होने और निकासी बाधित होने की शिकायत लोगों ने की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए जोन 3 के प्रभारी कमिश्नर विमल शर्मा के निर्देश पर टीम ने नाले को पाटकर बनाई गई दीवार को तोड़ गिराया। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी रोड किनारे किए गए दो दर्जन अवैध कब्जे हटाए गए। जोनवार चलाए गए अभियान में जोन 1 क्षेत्र स्थित खमतराई से भनपुरी चौक और गोंडवाना अंडरब्रिज से रिलायंस पेट्रोल पंप तक अभियान चलाकर मुनादी करायी गयी।

### दुकानों के बाहर रखे होर्डिंग जब्त, अवैध ठेले गुमटी हटाए

नहरपारा रोड से गांधी चौक और रेलवे स्टेशन, फाफाडीह चौक पर नगर निगम अमले ने अभियान चलाकर अवैध रूप से सड़क यातायात बाधित करने वाले ठेले, गुमटियों को हटाया। दुकानों के बाहर सड़क पर रखे होर्डिंग्स और सामग्री को जब्त किया। मालवीय रोड, बंजारी रोड, गोलबाजार, जवाहर मार्केट से एवरग्रीन चौक तक नाली एवं सड़क के किनारे अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। आईएसबीटी रोड, भाठागांव चौक से शीतला चौक, सिद्धार्थ चौक से संतोषी नगर में अभियान चलाकर सड़क पर सामान व बोर्ड बाहर न रखने मुनादी करवायी गयी। केनाल रोड अमलीडीह से जोन कार्यालय एवं रिंग रोड से न्यू राजेंद्र नगर तक अभियान चलाकर सामान जब्त किया गया।

**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे मुवक्किल द्वारा विक्रेता श्रीमती सरिता वैस, पति - श्री धीरज वैस, निवासी-दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुरा, रायपुर तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा - रायपुरा, प.ह.नं. - 57, रा. नि. मं. - रायपुर 01 रायपुरा, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा नंबर - 325 / 81, रकवा - 0.0140 हेक्टेयर अर्थात 1500 वर्गफुट एवं खसरा नंबर - 325 / 82, रकवा - 0.0140 हेक्टेयर अर्थात 1500 वर्गफुट कुल खसरा- 02, कुल रकवा - 0.0280 हेक्टेयर अर्थात 3000 वर्गफुट है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा किया जा चुका है अब केवल बकाया प्रतिफ : अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्था, समूह, फर्म, कंपनी, ट्रस्ट, संस्था को उक्त सौदे पर या सौदाशुदा संपत्ति पर कोई हक, दावा उजर या आपत्ति है तो वह हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। मौखिक एवं बगैर दस्तावेज तथा म्याद बाद की गयी आपत्ति स्वयमेव शून्य व नाजायज माना जायेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 27/12/2023

भवदीय
जितेन्द्र साहू, अजीत पाण्डेय
अधिवक्तागण

न्यायालय नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्रं./ब-121/वर्ष 2023-24
सारागांव दिनांक 26/12/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भारत लाल निषाद पिता स्व. रुंगू निषाद द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन हेतु आवेदन किया गया है कि पिताजी स्व. रूंगू निषाद पिता मधुकर की मृत्यु दिनांक 20/08/1995 को हो चुकी है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 10/01/2024 को उपस्थित होकर दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्रं./ब-121/वर्ष 2023-24
सारागांव दिनांक 26/12/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भारत लाल निषाद पिता स्व. रुंगू निषाद द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन हेतु आवेदन किया गया है कि माताजी लछनी निषाद पति स्व. रूंगू निषाद की मृत्यु दिनांक 05/10/2018 को हो चुकी है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 10/01/2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**खोया-पाया**
**LOST & FOUND**

Lost brown Hand Purse with RBI original Documens, Bank, Passbook, Voter ID card, Pan Card & Aadhar Card with some accessories, Lost it at samsondavid Soans@gmail.com, 306 CHINTHMANI APPT. 3rd Floor B WING, VASIND, SHADUR Dist. THANE, 421601.

**Contact**
**SAMSON.D. SOANS**
**91685 63480**

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### राजीव नयन महाराज की भागवत कथा 1 से

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा। पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड क्रमांक 19 मां मौली माता मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 1 फरवरी से किया गया है, जिसके कथाकार पंडित राजीव नयन जी महाराज वृंदावन होंगे । मां मावली माता मंदिर प्रांगण पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड क्रमांक 19 में 1 फरवरी से 7 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसके कथाकार प्रख्यात पंडित राजीव नयन जी महाराज है साथ ही भजन सम्राट संजीव नयन महाराज हैं। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित की गई है, साथ ही इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी यहां पर किया गया है। वहीं वार्षिक श्राद्ध का कार्यक्रम भी तिल्दा बस्ती के तिवारी परिवार द्वारा आयोजित की गई है। साथ ही समस्त जनों को उक्त श्रीमद् भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा का रसपान करने अपील भी की गई है।



### संडी में शिव महापुराण कथा का समापन 1 को

**आरंग।** ग्राम संडी में सरपंच, उपसरपंच व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में 24 दिसंबर से आयोजित शिवमहापुराण कथा का समापन 01 जनवरी को होगा। कथा व्यास आचार्य पं. रामानुज युवराज पांडे अमली पदर वाले है। इसी कड़ी में 28 को सतीदेह त्याग, सती मोह, राम कथा गंगा उत्पत्ति की कथा, 29 को पार्वती जन्म, शिव विवाह, 30 को गणेश जन्म, अंधा कासूर की कथा, 31 को शिव के विभिन रूप की कथा, शिवमहापुराण की सार व 01 जनवरी को गीता दान, कपिला तर्पण, पूर्णाहुति, ग्राम भ्रमन के साथ नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा का समापन होगा।

### भागवत कथा के शुभारंभ में कलश यात्रा निकाली



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओ एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया। कथा के प्रवचन कर्ता पं लिखेश्वर महाराज तरपोंगी वाले है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है। यह भागवत कथा यादव परिवार द्वारा आयोजित है।

### संकल्प यात्रा में मंत्री ने फूड बास्केट बांटे



**तिल्दा नेवरा।** विकासखण्ड तिल्दा के अंतर्गत आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम भुरसुदा में मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा भ्रमण किया गया, जिसमें मंत्री वर्मा के द्वारा हितग्राहीयों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया एवं साथ ही टी.बी. से ग्रसित मरीजों को फुड बास्केट प्रदाय किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपाई भी उपस्थित थे। साथ ही मुख्य रूप से डॉ. उमा पैकरा, खण्ड चिकित्सा अधिकरी, बीपीएम ममता सुनानी आदि उपसथ्ति थें।

### जनसूचना अधिकारी स्व पंजीयन कार्य जल्द पूरा करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने राज्य के सभी जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों से कहा है कि जिन्होंने आरटीई पोर्टल में स्व पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की है वह जल्द से जल्द इसे पूर्ण कर लें। आरटीआई पोर्टल में जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के स्व पंजीयन करने के विषय पर राज्य सूचना आयोग की ओर से निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# मंदिरहसौद-चंदखुरी मार्ग का निर्माण दो साल से अधूरा, डस्ट से आमजनता व राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंदिर हसौद

सरकार बदल गई लेकिन समस्या अभी भी जिन्दा है जहां ठेकेदार द्वारा नियमो को ताक मे रखकर कछुवा गति से 2 साल से किया जा रहा मंदिर हसौद में चंदखुरी पहुंच मार्ग का काम जो पिछले सरकार द्वारा राम गमन पथ के तहत सड़क चौड़ीकरण और मजबूती करण के साथ नाली निर्माण पुल का निर्माण का टेंडर जारी किया गया । जिसके निर्माण के लिए करोड़ो रु की लागत से टेंडर जारी कर कार्य आरंभ किया गया जहां लगभग 2 साल से ऊपर समय बीत चुका , लेकिन अभी रोड़ का काम पूरा नहीं हो पाया, जहां सड़क निर्माण कार्य काफी सुस्त गति से चल रहा है। जिससे सड़क पर वाहन चलने से धूल उड़ रहे हैं।

### धूल के गुबार से फैल रही बीमारी, हादसों की बनी रहती है आशंका

वर्तमान में सड़क निर्माण में सुस्ती के साथ अनियमितता देखी जा रही है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ख्याल नही रखा जा रहा है जैसे तैसे कही कही पर सड़क नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कार्य की इस स्थिति को देखकर लोगों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। वहीं जिस कछुआ गति से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है।



वही रोड पर कांक्रीट बिछाकर छोड़ने के कारण मोटरसाइकिल चलाना दूभर हो रहा है जहां मार्ग पर चुना पत्थर खदानों से निकलने वाले भारी वाहनों का आवागमन के कारण दबाव अधिक रहता है वहीं लगातार धुल की गुब्बारे उड़ाते गुजरते हैं वाहन दिनभर गाड़ियों की आवाजाही बनी रही रहती ।
जिसके चलते मोटर वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण लोगों को वाहन चलाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क निर्माण कार्य में देरी होने से आम जनता में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला रहा है। इस मार्ग की हालत वर्तमान में इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों को इस मार्ग से निकलने में अब भय लगने लगा है। वहीं दूसरी तरफ धूल के गुब्बारे उड़ने से मार्ग के आसपास रह रहे लोगों का जीना दूभर हो गया है। जहां मोटरसाइकिल चलाना मुश्किल हो रहा वहीं आंखों में जलन व अनेको समस्या से जूझ रहे ।

**सड़क निर्माण में सुस्ती और अनियमितता**

वही निर्माण एजेंसी व ठेकेदार द्वारा रोड में पानी का भी छिड़काव नहीं किया जाता । जिससे राहगीर दमा श्वास हैजा कफ खांसी जैसे बिमारी से ग्रसित होते जा रहे हैं । वही धूल डस्ट के कारण आए दिन घटना दुर्घटना होती रहती हैं।

## गुटबाजी के कारण मंत्रियों के विभाग बंटवारे में देर : कांग्रेस

# मंत्रियों के विभाग बंटवारे में देर पर सियासी घमासान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल के मंत्रियों के विभागों की घोषणा में हो रही देर पर तंज कसते हुये कहा, मलाईदार विभागों के लिये जूतम पैजार की नौबत आ गई है, इसीलिये विभागों का बंटवारा नहीं हो पा रहा है। नीचे से लेकर ऊपर तक मलाईदार विभागों के लिये एप्रोच लगाया जा रहा है, बोलियां लगाई जा रही हैं, इसी कारण दिक्कत हो रही है।

- ताकझांक करने की लत से बाज नहीं आ रही कांग्रेस-भाजपा

अब तो ये भी तय किया गया है, संगठन से एक को भी मंत्री के साथ रखा जायेगा, जो सीधे-सीधे संविधानेत्तर व्यवस्था है। भाजपा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कांग्रेस के आरोप पर कटाक्ष करते हुए कहा, मलाईदार विभागों को लेकर मंत्रियों में चल रही रस्साकशी की कपोल कल्पना करके भाजपा के आंगन में ताकझांक करने की अपनी लत से कांग्रेस बाज नहीं आ रही है। प्रदेश की सत्ता से बेदखल हो चुकी कांग्रेस के लोग अपनी पार्टी के घमासान को तो थाम नहीं पा रहे हैं, खाली समय में उलजलूल बयान बाजी कर रहे हैं।





### पांच किलो चावल का नुकसान कर रही सरकार

नये साल से 5 साल तक राशन मुक्त की घोषणा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पहले से चली आ रही है राशन मुफ्त योजना, प्रदेश में कांग्रेस सरकार मुफ्त राशन देने का काम कर रही थी। भाजपा, कांग्रेस सरकार की योजना को बढ़ा रही है। आगे केन्द्र सरकार के मुफ्त राशन के अतिरिक्त कांग्रेस सरकार 5 किलो राशन देती थी। भाजपा सरकार 5 किलो चावल का नुकसान कर रही है। अब सीएम बताएं केन्द्र सरकार से अतिरिक्त राशन 5 किलो देगी कि नहीं।

### कांग्रेसी दूर की कौड़ियां उछालने में मशगूल : सौरभ

भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी व पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा, जिस दिन से कांग्रेसी सत्ता से उखाड़ फेंके गए हैं, उसी दिन से वे विचलित मनोदशा के शिकार हो गए हैं। जब भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय का चयन किया, तो फिर वे मंत्रियों को लेकर मनगणित लगाते रहे और अब विभागों के बंटवारे को लेकर निठल्ले राजनीतिक चिंतन में व्यस्त हैं। शर्मनाक हार की समीक्षा करने और उससे सबक पढ़ने के बजाय कांग्रेसी दूर की कौड़ियां उछालने में मशगूल हैं।

### मोदी की गारंटी के लिए प्रतिबद्ध

*उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार जिस तेजी से क्रांतिकारी निर्णय लेकर जनाकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रही है, उससे कांग्रेस के लोग ज्यादा विचलित हो रहे हैं। वे यह देखकर हैरान हैं कि बिना विभागों के बंटवारे के भी कोई सरकार एक राय होकर जनता की सेवा के अपने संकल्पों के पथ पर अग्रसर हो रही है और 'मोदी की गारंटी' के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेसी अपने राजनीतिक चश्मे से भाजपा को देखने का हास्यास्पद उपक्रम कर रहे हैं। गुटबाजी, मलाईदार विभाग की ललक, अहंकार और जनता के साथ वादाखिलाफी कांग्रेस की संस्कृति रही है, लेकिन भाजपा में ऐसी कोई लालसा पाले बिना जनता के हित में निर्णय लेना उसकी प्राथमिकता है।*

**राजस्थान में भी ऐसा ही मामला पहुंचा है हाईकोर्ट में**

# दो डिप्टी सीएम की शपथ पर पूर्व मंत्री ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अरुण साव तथा विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है, जबकि संवैधानिक प्रावधान में उप मुख्यमंत्री का पद नहीं है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने इस पर सवाल उठाए हैं। खास बात ये है कि राजस्थान में भी भाजपा नेतृत्व की सरकार में इसी तरह दो उप मुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाई गई है। वहां इसके खिलाफ मामला हाईकोर्ट में पेश किया गया है।



### संविधान में नहीं है डिप्टी का पद

मोहम्मद अकबर ने कहा है कि संवैधानिक प्रावधान यह है कि मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल करेगा, परंतु किसी राज्य के मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या उस राज्य की विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के पंद्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। संविधान में उप मुख्यमंत्री का पद नहीं है, इसलिए उप मुख्यमंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ का कोई औचित्य नहीं है। ऐसी शपथ विधि की दृष्टि में शून्य है। संविधान की तृतीय अनुसूची में पद व गोपनीयता की शपथ का स्पष्ट प्रारूप है।

### अब तक किए कार्य औचित्यहीन

श्री अकबर ने कहा है कि चूंकि अरुण साव तथा विजय शर्मा ने मंत्री पद की शपथ नहीं ली है, इसलिए उप मुख्यमंत्री के रूप में इनके द्वारा किया गए कार्य औचित्यहीन हैं। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ की तरह राजस्थान में भी दो उपमुख्यमंत्रियों को इसी प्रकार शपथ दिलाई गई है। इस संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि दोनों उपमुख्यमंत्री की शपथ को असंवैधानिक और अवैध घोषित किया जाए।

### संविधान और कानून के तहत शपथ

मोहम्मद अकबर के बयान को लेकर भाजपा नेता नरेश गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री के पद के लिए अरुण साव तथा विजय शर्मा ने जो शपथ ली है, वह पूरी तरह से नियमों के तहत संविधान के दायरे में ली गई है। श्री गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव हारने के बाद कांग्रेस के पूर्व मंत्री तथा विधायक छटपटाहट में ऊलजुलूल बयान दे रहे हैं। श्री गुप्ता के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने चौधरी देवीलाल के उप प्रधानमंत्री पद के लिए ली गई शपथ को वैध माना है।

### कांग्रेस के पास मुद्दों का अभाव

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा, मुद्दे के अभाव में कांग्रेस परेशान है, इसीलिए वो बेतुके सवाल कर रही है। उप मुख्यमंत्री का मामला इसी तरह का है। शायद पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर को याद होगा। उन्होंने पहले भी संसदीय सचिव के मामले में पूर्व भाजपा सरकार को घेरने का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस सरकार आने के बाद उसी की पुनरावृत्ति कर ली और कांग्रेस शासनकाल में संसदीय सचिव बनाए गए। अर्थात मुद्दा केवल राजनीतिक है। अगर ऐसा है, तो कांग्रेस ने अपने शासनकाल के चार माह पहले टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम क्यों बनाया। अगर राजनीति करना है तो अलग बात है, कांग्रेस के मुद्दों का अभाव दिख रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस शासनकाल में वनमैन शो चला। भाजपा ने पहले दिन से ही बेहतर व्यवस्था बनाई और जनता के हितों में काम कर रही है।



## छत्तीसगढ़ की जनता सनातनी धर्म के रक्षक : आचार्य पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा

श्री सिद्ध भैरव बाबा धाम कपसदा कुकेरा रैता मे वार्षिक त्रि दिवसीय मेला का समापन श्री रुद्र महायज्ञ एवं अपार जन समूह के साथ संपन्न हुआ इस मेला के समापन मे आचार्य सतीश पाण्डेय जी महाराज (ज्योतिष कर्मकांड विशेषज्ञ )अयोध्या धाम ने छग की जनता और हरिभूमि अख़बार का आभार जताया।इस अवसर पर हरिभूमि की टीम ने रूद्र महायज्ञ और शिवमहापुराण कथा कवरेज की एक प्रतिक चिन्ह भेट कर अभिनंदन किये।

पंच कुण्डीय रूद्र महायज्ञ और शिव महापुराण की कथा की समापन के अवसर पर आचार्य सतीश पाण्डेय ने छग की जनता और हरिभूमि अख़बार का आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि सनातन की रक्षा करने और उसे बढ़ाने में आप लोगो का बड़ा योगदान रहा है।इस अवसर पर उन्हों ने ॐ श्री सिद्ध भैरव बाबा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू, श्री केजूराम साहू सोहनलाल साहू दीपक शर्मा जी गणेश राम सेन होरीलाल साहू चंद्रकांत अत्रे



जागेश्वर साहू ललित निषाद दयालु राम साहू चिंता राम साहू अशोक अग्रवाल सनत साहू विद्या भूषण वर्मा शेखर यादव विष्णु साहू मनाराम साहू आनंद वर्मा पुरुषोत्तम साहू शालिक राम साहू शिव शंकर गोस्वामी राजेंद्र साहू ललित साहू सुरेश साहू योगेश साहू खुबीराम साहू जयकांत साहू कमलकांत वर्मा अशोक साहू मोहन सेन कैलाश सिंघल मोहनलाल साहू मनोज मढ़रिया ऋषि वर्मा दिलीप साहू टीकम वर्मा वीरेंद्र शुक्ला अजय पांडे रोशन धीवर तामस साहू लक्ष्मीकांत साहू गोविंद साहू राकेश साहू खेम प्रकाश साहू ओम प्रकाश साहू ममता लाइट डेकोरेशन वर्मा प्रिंटर्स एवं हरिभूमि की टीम उपस्तिथ रहे।

## ताराशिव कुर्मी अधिवेशन का मुख्यमंत्री को भेजा निमंत्रण

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का 78 वां राज अधिवेशन 7 जनवरी 2024 रविवार को स्वर्गीय श्री फेकू राम नायक स्मृति सभा मंच ग्राम ताराशिव में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मंत्री टंक राम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी कड़ी में आज समाज प्रमुखों द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया ।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज 10 राज में विभक्त है ।तथा प्रत्येक राज में राज अधिवेशन आयोजित होता है। एवं एक राज में महाअधिवेशन संपन्न होता है। जो कि धमधा राज में आयोजित होना है। तिल्दा राज अधिवेशन ग्राम ताराशिव में 7 जनवरी को आयोजित होने वाले राज अधिवेशन में स्वजातीय ग्रामीण जोश और लगन से जुटे हुए हैं। छेत्रीय विधायक व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ तिल्दा राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा , युवा अध्यक्ष अनिल वर्मा आदि के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से अलग अलग मुलाकात कर कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित किया। वही बैठकों का दौर जारी है। ग्राम ताराशिव वासियों को बात की खुशी है कि उन्हे समाज के स्वजाति भाई बहनों का स्वागत और अभिनंदन करने का अवसर प्राप्त होगा।

## कांग्रेस की बैठक में डोनेट फार देश के नाम पर चर्चा



**अभनपुर ।** पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू के निजी कार्यालय सद्भावना भवन मे ब्लॉक कांगेस कमेटी की बैठक रखी गई थी इस अवसर पर पूर्व विधायक ने भारतीय कांग्रेस पार्टी का 138 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मिले निर्देश को कार्यकर्ता से कहा कि डोनेट फॉर देश के नाम से कम से कम 138 अधिकतम जो भी राशि कांग्रेस के सदस्य सहयोग करना चाहते है वह कर सकते है एवं 28 दिसम्बर को नागपुर के अधिवेशन मे भाग लेने के लिए प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ को शामिल होने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साहू,अरूणा शुक्ला,भोला सोनवनी,चंद्रहास साहू,राजू शर्मा चेरिया,सुनील कौशल,सुशील शर्मा,गिरधारी साहू,शीला कलड़ा,नीमा निम्बेकर,मोहन साहू,तुलेश साहू,सहदेव कोसरिया,नरेन्द्र निम्बेकर,शशि साहू,नीलकमल गिलहरे,वीरेन्द्र सिन्हा,पार्थ वैष्णव,मुन्ना बांधे आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री से धीवर समाज के प्रतिनिधियों ने भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

छत्तीसगढ़ धीवर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में जीत व प्रदेश में सरकार बनाने पर बधाई दी।

साथ ही छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा द्वारा 07 जनवरी को होने वाले विवाह योग्य युवक–युवती परिचय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आग्रह किया। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व साथ मे उपस्थित भाजपा अजा. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने चुनाव में सहयोग व समर्थन देकर विजयी बनाने में भूमिका अदा करने की बात कहकर प्रतिनिधिमंडल सहित धीवर समाज का आभार व्यक्त किया। इस दौरान धीवर समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर, लवन परिक्षेत्र के अध्यक्ष धनीराम धीवर, महासभा संरक्षक परमेश्वर फुटान, शिक्षा व संस—ति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील जलक्षत्री, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष —ष्णा चम्पालाल हिरवानी, कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बसंत निषाद, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, वेदव्यास तारक, फिरोज हिरवानी, रामानंद धीवर, डॉ. जीवन जलक्षत्री, करण हिरवानी, नरेंद्र धीवर, राजेश धीवर उपस्थित रहे।

**आज कांग्रेस का स्थापना दिवस**

# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर आज नागपुर में विशाल रैली, भूपेश सहित कई नेता होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 139वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। गुरुवार को स्थापना दिवस पर नागपुर में कांग्रेस राष्ट्रव्यापी रैली निकालेगी, जिसमें देशभर से 5 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से इस रैली में 25 हजार से अधिक लोग शामिल होने जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी नागपुर जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में एक विशाल हैं तैयार हम राष्ट्रीयस्तर की रैली आयोजित कर रही है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। स्थानीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं, सांसद, विधायक मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे, नागपुर दगौरी में आयोजित विशाल राष्ट्रीय रैली में शामिल होंगे।

### नागपुर से दिल्ली रवाना होंगे भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को देर रात नागपुर पहुंच कर वहां रात्रि विश्राम करेंगे। वहां पर गुरुवार को रैली में शामिल होने के बाद शाम 8.20 बजे नागपुर से दिल्ली रवाना होंगे। वहां पर रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन कांगेस नेताओं से मिलेंगे।

### स्थानीय स्तर पर भी होंगे कार्यक्रम

*प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कांग्रेसजन 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के रूप में मनायेंगे। कांग्रेस स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर एवं ब्लाक मुख्यालय सहित प्रत्येक मतदान केन्द्रों में प्रातः 9 बजे पार्टी का झंडा फहराते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर पार्टी के जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में कांग्रेस का इतिहास, विचारधारा, अतीत एवं वर्तमान की उपलब्धियां भविष्य की दृष्टि आदि विषयों पर गोष्ठियां एवं परिसंवाद कार्यक्रम कर रैली व सेमिनार का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मोर्चा संगठनों सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई शामिल होंगे।*

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 1 जनवरी से

**रायपुर।** लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च-जून 2024 के लिए आवेदन पत्र 1 से 31 जनवरी तक किए जा सकेंगे। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर के प्राचार्य ने बताया कि 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथपत्र संलग्न होना अनिवार्य है। मानक आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जाएंगे तथा जिस सत्र के लिए आवेदन किया गया है, उसी सत्र के लिये ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है, जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर।

## सांकरा में घासीदास की जयंती मनाई गई

**तिल्दा।** समीपस्थ ग्राम सांकरा में बाबा गुरुघासीदास की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने जैतखाम में पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अशोक कश्यप, चंडीराम पाल,कृपाराम बघेल, राजकुमार कश्यप, राजू बंजारे, कल्लू पाल, अश्वनी कश्यप, राजेश वर्मा, राजकुमार कश्यप, राजकुमार यदु सरपंच प्रतिनिधि, खिलावन निर्मलकर, सेवाराम यदु, रामू यादव, रामसोगिल निर्मलकर, बहादुर निषाद, परेटन यादव, मनोहर चांदरे, कुंजराम बंजारे, रूपचंद चांदरे, शंकर धृतलहरे, रूप दास धृतलहरे, रिंकू बंजारे, बद्री पाल, नरेंद्र वर्मा, जय बघमार, सूरज वर्मा,जय नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### सीएम ने पं. सुंदरलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक और प्रसिद्ध साहित्यकार स्व. सुंदरलाल शर्मा की 28 दिसंबर को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने छत्तीसगढ़ के लिए श्री शर्मा के योगदान को याद करते हुए कहा है कि पं. सुंदरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ में जनजागरण और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पं. शर्मा कई राष्ट्रीय आंदोलनों से जुड़े और छत्तीसगढ़ में स्वाधीनता आंदोलन की मजबूती के लिए काम किया। छत्तीसगढ़ के गांधी के नाम से प्रसिद्ध पं. सुंदरलाल शर्मा ने किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी और प्रसिद्ध कंडेल सत्याग्रह के प्रमुख सूत्रधार रहे। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, छुआ-छूत, रूढ़िवादिता जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। उनके विचार मूल्य हमें सदा प्रेरित करते रहेंगे।

### लोकसभा चुनाव के लिए खेड़ा समन्वयक नियुक्त

**रायपुर।** एआईसीसी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी राज्यों में को-ऑर्डिनेटर की नियुक्ति कर दी है। राधिका खेड़ा को छत्तीसगढ़ के को-ऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है। देश में 18वीं लोकसभा के सदस्यों के चुनाव के लिए अप्रैल और मई 2024 तक लोकसभा चुनाव होने की संभावना है। लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त होने वाला है।

### निशुल्क नेत्र शिविर में 270 मरीजों ने कराई जांच



**रायपुर।** भारतीय जैन संघटना एवं एमजीएम नेत्र संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र शिविर हुआ। शिविर एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में लगाया गया। इसमें लगभग 270 मरीजों की आंखों की जांच की गई और लगभग 75 मरीजों में मोतियाबिंद के मरीज मिले, जिनका इलाज एमजीएम नेत्र संस्थान में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत थे। शिविर के लाभार्थी परिवार स्व. आसकरण बैद की पुण्य स्मृति में धर्म सहायिका किरण देवी एवं विनोद बैद एवं महेंद्र बैद थे, जिनका सम्मान मुख्य अतिथि व भारतीय जैन संघटना की जिला इकाई ने स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम में मानवेंद्र दफ्तरी, चित्रांक चोपड़ा, हर्षवर्धन बागमार, मनोज लुंकड़, विजय गंगवाल, वैभव गोलछा, लोकेश जैन, राजेंद्र पारख, रोमिल छाजेड़, नरेंद्र बाकलीवाल, नमन लोढ़ा, लवीश जैन, अभय भंसाली, प्रदीप सांखला, पंकज चोपड़ा, प्रमोद लुणावत, संजय सिंगी, कन्हैयालाल बैद, सुरेश कांकरिया सहित 14 डॉक्टरों की टीम की उपस्थिति रही।

### जनसूचना अधिकारी स्व पंजीयन कार्य जल्द पूरा करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने राज्य के सभी जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों से कहा है कि जिन्होंने आरटीई पोर्टल में स्व पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की है वह जल्द से जल्द इसे पूर्ण कर लें। आरटीआई पोर्टल में जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के स्व पंजीयन करने के विषय पर राज्य सूचना आयोग की ओर से निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नया रायपुर स्थित विभागों के जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को आयोग के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में डेमो के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल में स्व पंजीयन की प्रक्रिया, ऑन बोर्डिंग के बाद आवेदनों का निराकरण, अपलोडिंग की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों की शंकाओं का समाधान आयोग और एनआईसी के अधिकारियों ने किया।

# धान बेचने के लिए 9 लाख 36 हजार किसानों के लिए फिर जारी होंगे टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके प्रदेशभर के 9 लाख 36 हजार से अधिक किसानों को धान बेचने का एक और अवसर देने के लिए चौथी बार टोकन जारी किया जाएगा। दरअसल 1 नवंबर से जारी धान खरीदी के दौरान किसानों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आदेश पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान बेचा था। अब भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी किया है। बताया गया है कि जो किसान इस आदेश के पहले 20 क्विंटल धान बेच चुके हैं, उन्हें प्रति एकड़ एक क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त धान बेचने चौथा टोकन जारी होगा।

## 20 के हिसाब से किसान बेच चुके हैं 44 लाख टन धान

### इन किसानों को पड़ेगी टोकन की जरूरत

धान खरीदी के जानकारों के मुताबिक मौजूदा व्यवस्था के तहत किसानों को उनका धान बेचने के लिए अलग-अलग तारीख के तीन टोकन जारी करने का प्रावधान है। किसानों ने तीन टोकन के माध्यम से अपना धान बेच दिया। इसके बाद भी जिन किसानों के पास धान बचा है, वे प्रति एकड़ 1 क्विंटल के हिसाब से धान बेच पाएंगे। ऐसे किसानों के लिए चौथा कूपन जारी किया गया है। खाद्य सचिव टीपी वर्मा के अनुसार धान खरीदी के ऑनलाइन पोर्टल में चौथे कूपन की व्यवस्था कर दी गई है।



### जहां उत्पादकता ज्यादा, वहां लाभ अधिक

सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की व्यवस्था तो लागू कर दी, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि क्या राज्य के सभी किसानों को इसका लाभ मिल पाएगा। इस संबंध में खाद्य एवं सहकारिता विभाग के जानकार सूत्रों का कहना है कि 21 क्विंटल का लाभ उन्हीं किसानों को मिल पाएगा, जिनके खेतों की उत्पादन क्षमता 21 क्विंटल या अधिक है। जानकार बताते हैं कि राज्य के मैदानी इलाकों के ऐसे जिले जहां बारिश अच्छी होती है और सिंचाई के साधन भी हैं, वहां किसानों को 21 क्विंटल या उससे अधिक उत्पादन मिलता है। ऐसे किसानों को ही सरकार की योजना का पूरा लाभ मिलेगा।

### ये है मामला

*छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम दौर में राज्य के किसानों से धान की खरीदी प्रति एकड़ 20 क्विंटल के हिसाब से करने का आदेश जारी किया था। इसी बीच 1 नवंबर से प्रदेश में धान खरीदी शुरू हो गई। किसानों ने 20 क्विंटल के हिसाब से धान बेचना शुरू कर दिया था। दूसरी ओर भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि 20 दिसंबर तक राज्य के किसानों ने 42 लाख 93 हजार 833 मीट्रिक टन धान बेचा था।*

## गुटबाजी के कारण मंत्रियों के विभाग में बंटवारे में देर : कांग्रेस

# मंत्रियों के विभाग बंटवारे में देर पर सियासी घमासान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल के मंत्रियों के विभागों की घोषणा में हो रही देर पर तंज कसते हुये कहा, मलाईदार विभागों के लिये जूतम पैजार की नौबत आ गई है, इसीलिये विभागों का बंटवारा नहीं हो पा रहा है। नीचे से लेकर ऊपर तक मलाईदार विभागों के लिये एप्रोच लगाया जा रहा है, बोलियां लगाई जा रही हैं, इसी कारण दिक्कत हो रही है।

■ ताक-झांक करने की लत से बाज नहीं आ रही कांग्रेस भाजपा

अब तो ये भी तय किया गया है, संगठन से एक को भी मंत्री के साथ रखा जायेगा, जो सीधे-सीधे संविधानेत्तर व्यवस्था है। भाजपा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कांग्रेस के आरोप पर कटाक्ष करते हुए कहा, मलाईदार विभागों को लेकर मंत्रियों में चल रही रस्साकशी की कपोल कल्पना करके भाजपा के आंगन में ताकझांक करने की अपनी लत से कांग्रेस बाज नहीं आ रही है। प्रदेश की सत्ता से बेदखल हो चुकी कांग्रेस के लोग अपनी पार्टी के घमासान को तो थाम नहीं पा रहे हैं, खाली समय में उलजलूल बयान बाजी कर रहे हैं।





### पांच किलो चावल का नुकसान कर रही सरकार

नये साल से 5 साल तक राशन मुक्त की घोषणा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पहले से चली आ रही है राशन मुफ्त योजना, प्रदेश में कांग्रेस सरकार मुफ्त राशन देने का काम कर रही थी। भाजपा, कांग्रेस सरकार की योजना को बढ़ा रही है। आगे केन्द्र सरकार के मुफ्त राशन के अतिरिक्त कांग्रेस सरकार 5 किलो राशन देती थी। भाजपा सरकार 5 किलो चावल का नुकसान कर रही है। अब सीएम बताएं केन्द्र सरकार से अतिरिक्त राशन 5 किलो देगी कि नहीं।

### कांग्रेसी दूर की कौड़ियां उछालने में मशगूल : सौरभ

भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी व पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा, जिस दिन से कांग्रेसी सत्ता से उखाड़ फेंके गए हैं, उसी दिन से वे विचलित मनोदशा के शिकार हो गए हैं। जब भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय का चयन किया, तो फिर वे मंत्रियों को लेकर मनगणित लगाते रहे और अब विभागों के बंटवारे को लेकर निठल्ले राजनीतिक चिंतन में व्यस्त हैं। शर्मनाक हार की समीक्षा करने और उससे सबक पढ़ने के बजाय कांग्रेसी दूर की कौड़ियां उछालने में मशगूल हैं।

### मोदी की गारंटी के लिए प्रतिबद्ध

*उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार जिस तेजी से क्रांतिकारी निर्णय लेकर जनाकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रही है, उससे कांग्रेस के लोग ज्यादा विचलित हो रहे हैं। वे यह देखकर हैरान हैं कि बिना विभागों के बंटवारे के भी कोई सरकार एक राय होकर जनता की सेवा के अपने संकल्पों के पथ पर अग्रसर हो रही है और 'मोदी की गारंटी' के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेसी अपने राजनीतिक चश्मे से भाजपा को देखने का हास्यास्पद उपक्रम कर रहे हैं। गुटबाजी, मलाईदार विभाग की ललक, अहंकार और जनता के साथ वादाखिलाफी कांग्रेस की संस्कृति रही है, लेकिन भाजपा में ऐसी कोई लालसा पाले बिना जनता के हित में निर्णय लेना उसकी प्राथमिकता है।*

राजस्थान में भी ऐसा ही मामला पहुंचा है हाईकोर्ट में

# दो डिप्टी सीएम की शपथ पर पूर्व मंत्री ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अरुण साव तथा विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है, जबकि संवैधानिक प्रावधान में उप मुख्यमंत्री का पद नहीं है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने इस पर सवाल उठाए हैं। खास बात ये है कि राजस्थान में भी भाजपा नेतृत्व की सरकार में इसी तरह दो उप मुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाई गई है। वहां इसके खिलाफ मामला हाईकोर्ट में पेश किया गया है।

### संविधान में नहीं है डिप्टी का पद

मोहम्मद अकबर ने कहा है कि संवैधानिक प्रावधान यह है कि मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल करेगा, परंतु किसी राज्य के मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या उस राज्य की विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के पंद्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। संविधान में उप मुख्यमंत्री का पद नहीं है, इसलिए उप मुख्यमंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ का कोई औचित्य नहीं है। ऐसी शपथ विधि की दृष्टि में शून्य है। संविधान की तृतीय अनुसूची में पद व गोपनीयता की शपथ का स्पष्ट प्रारूप है।

### अब तक किए कार्य औचित्यहीन

श्री अकबर ने कहा है कि चूंकि अरुण साव तथा विजय शर्मा ने मंत्री पद की शपथ नहीं ली है, इसलिए उप मुख्यमंत्री के रूप में इनके द्वारा किया गए कार्य औचित्यहीन हैं। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ की तरह राजस्थान में भी दो उपमुख्यमंत्रियों को इसी प्रकार शपथ दिलाई गई है। इस संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि दोनों उपमुख्यमंत्री की शपथ को असंवैधानिक और अवैध घोषित किया जाए।

### संविधान और कानून के तहत शपथ

मोहम्मद अकबर के बयान को लेकर भाजपा नेता नरेश गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री के पद के लिए अरुण साव तथा विजय शर्मा ने जो शपथ ली है, वह पूरी तरह से नियमों के तहत संविधान के दायरे में ली गई है। श्री गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव हारने के बाद कांग्रेस के पूर्व मंत्री तथा विधायक छटपटाहट में ऊलजुलूल बयान दे रहे हैं। श्री गुप्ता के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने चौधरी देवीलाल के उप प्रधानमंत्री पद के लिए ली गई शपथ को वैध माना है।

### कांग्रेस के पास मुद्दों का अभाव

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा, मुद्दे के अभाव में कांग्रेस परेशान है, इसीलिए वो बेतुके सवाल कर रही है। उप मुख्यमंत्री का मामला इसी तरह का है। शायद पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर को याद होगा। उन्होंने पहले भी संसदीय सचिव के मामले में पूर्व भाजपा




सरकार को घेरने का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस सरकार आने के बाद उसी की पुनरावृत्ति कर ली और कांग्रेस शासनकाल में संसदीय सचिव बनाए गए। अर्थात मुद्दा केवल राजनीतिक है। अगर ऐसा है, तो कांग्रेस ने अपने शासनकाल के चार माह पहले टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम क्यों बनाया। अगर राजनीति करना है तो अलग बात है, कांग्रेस के मुद्दों का अभाव दिख रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस शासनकाल में वनमैन शो चला। भाजपा ने पहले दिन से ही बेहतर व्यवस्था बनाई और जनता के हितों में काम कर रही है।

# हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई रोकने की मांग सीएम को सिहंदेव ने बताई जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई रोकने की मांग की है। उन्होंने दूरभाष पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर उन्हें हसदेव अरण्य से जुड़े विरोध प्रदर्शन की जमीनी स्थिति से अवगत कराया। जहां पुरानी खदानों में उत्खनन के प्रति स्थानीय लोगों के मत विभाजित हैं, वहीं नई खदानों में माइनिंग के विरोध में पूरा आदिवासी समाज एकमत है।

सिंहदेव ने कहा, मुख्यमंत्री स्वयं सरगुजा अंचल के आदिवासी बहुल क्षेत्र और समुदाय के हैं। उन्हें आदिवासी विचारधारा, संस्कृति, परंपराएं और मान्यताओं की पूरी जानकारी है। आदिवासी समुदाय के जल, जंगल, ज़मीन के प्रति प्यार, समर्पण, निष्ठा से वो पूर्ण रूप से परिचित हैं। सिंहदेव ने कहा, विधानसभा में सर्वसम्मति से हसदेव में नए खनन के विरुद्ध पारित प्रस्ताव का सम्मान करते हुए सरगुजा के आदिवासी समाज के हित के लिए, उनकी इच्छानुसार, मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ सरकार को नई खदानों के खनन पर रोक लगानी चाहिए।



### हसदेव अरण्य वन क्षेत्र में कटाई के खिलाफ युकां ने पीएम-सीएम का पुतला फूंका

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को सरगुजा के हसदेव वन क्षेत्र में पेड़ कटाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला फूंका गया। राजधानी रायपुर में जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप के नेतृत्व में बूढ़ातालाब स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप ने कहा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर सभी जिलों में प्रदर्शन किया गया। शहर-जिला, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव जित्तू बारले, मो. फहीम शेख, अर्जुन सिंग, आस मोहम्मद, रायपुर जिला महासचीव दिनेश मिश्रा, चंदन बारीक, केशव सिन्हा, राजेश साहू ,सत्तार चौहान, भक्तेश्वर वैष्णव, प्रभाकर झा, प्रवाह नसरे, श्रेयश शुक्ला, विनय तिवारी, भास्कर दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र जलछत्री, विष्णु गुप्ता, अभिषेक साहू सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जोनल रोड बनाने का काम अधूरा

## जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक शुरू नहीं हो पाया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी ने जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक तक की सड़क को जोनल रोड बनाने का काम 2 साल बाद भी शुरू नहीं किया। इसी तरह जयस्तंभ चौक से नगरघड़ी तक की सड़क अब तक जोनल रोड नहीं बन पाई। 3 अलग-अलग जोन क्षेत्र की सड़क चयनित कर जोनल रोड बनाने तीन एजेंसियों को इस कार्य के लिए 10-10 करोड़ का ठेका दिया गया है।

शहर के मुख्य मार्ग की सड़कों को स्मार्ट रोड की तर्ज पर जोनल रोड बनाने 30 करोड़ खर्च होंगे। जोनल रोड बनाने के लिए चिन्हांकित सड़कों पर बिछाए गए केबल के तारों को भूमिगत करने, पानी की पाइप लाइन अंडर ग्राउंड करने, सड़क डामरीकरण, प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए लाइट लगाने से लेकर नागरिकों के आने-जाने सड़क के दोनों ओर पाथवे बनाने का काम शामिल है।

### ये सड़कें बन रहीं जोनल रोड

- जीई रोड स्थित वंदना आटो से आरकेसी गेट होते हुए ईदगाहभाठा पानी टंकी के जोन 5 कार्यालय तक की सड़क
- लाखेनगर से आमापारा चौक तक की सड़क
- सिटी कोतवाली से नगर निगम मुख्यालय तक आने-जाने वाली सड़क
- महिला थाना से शहीद विद्याचरण शुक्ल चौक तक की सड़क
- विद्याचरण शुक्ल चौक से राजीव गांधी चौक तक की सड़क
- जयस्तंभ चौक से फाफाडीह चौक
- जयस्तंभ चौक से नगरघड़ी मार्ग तक की सड़क

*इनमें से नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित वंदना आटो से ईदगाहभाठा पानी टंकी मार्ग की सड़क में केबल को अंडरग्राउंड कर पाइप लाइन भूमिगत करने का काम पूरा हो गया है। सड़क डामरीकरण के बाद अब यहां सड़क के दोनों ओर पाथवे बनाने का काम बाकी है। इसी तरह महिला थाना से विद्याचरण शुक्ल चौक को जोनल रोड बनाने का काम 60 फीसदी हो पाया है, जबकि जयस्तंभ चौक से फाफाडीह और फाफाडीह से नगर घड़ी चौक तक की सड़क को जोनल रोड बनाने का काम होना बाकी है।*

### कोविड के कारण 1 साल हुआ विलंब

*प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, जोनल रोड का काम कोविडकाल के कारण 1 साल देर से शुरू हुआ। अनुबंधित एजेंसी को इसके लिए अतिरिक्त समय भी दिया गया। इसके बाद भी जोन 2 के जोनल रोड का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया। इसे जल्द शुरू कराया जाएगा।*

# डीजी ने एसपी-आईजी के साथ की कानून व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के परिपालन में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने बुधवार को सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक लेकर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को इस पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### रात्रि गश्त में तेजी लाने के निर्देश

डीजीपी ने विजिबल पुलिसिंग के साथ संपत्ति संबंधी अपराधों को दृष्टिगत रखते हुये रात्रि गश्त एवं पुलिस पेट्रोलिंग की समीक्षा कर पुलिस मोबेलिटी बढ़ाकर गुण्डे एवं



असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को नववर्ष के आगमन के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कानून-व्यवस्था बनाये रखते हुये भीड़ वाले स्थानों यथा होटल, बाजार, मंदिर या अन्य स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

### बार्डर पर निगरानी, शहरों में अपराधों पर अंकुश

*बैठक में डीजीपी श्री जुनेजा ने राज्य में अन्य राज्यों से धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए बार्डर इलाकों में निगरानी रखने के साथ ही चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच-पड़ताल के भी निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टरों से समन्वय स्थापित कर राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग की आवश्यकतानुसार संयुक्त टीम बनाकर धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के साथ ही सीमावर्ती इलाकों में निरंतर पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने पुलिस अधीक्षकों को अपने-अपने जिलों में अपराधिक प्रवृत्ति एवं गुंडागर्दी करने वाले लोगों पर कड़ी निगाह रखने के साथ ही शराब के अवैध क्रय-विक्रय, जुआ-सट्टा, नशीले पदार्थों, चेन स्नेचिंग तथा चाकूबाजी की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण करने तथा इनमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।*

# छत्तीसगढ़ से कोयला खनन कर ले जाना ही मोदी की गांरटी

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, राज्य में भाजपा सरकार आते ही हसदेव हरण्य में पेड़ों की कटाई कर कोयला एवं लोहा खदान से खनन कर ले जाना ही मोदी की गांरटी है। सीएम विष्णुदेव साय आदिवासी एवं किसान मुख्यमंत्री होते



हुए भी वन के महत्व को जानते हैं, पर मानते नहीं। अगर मानते हैं, तो मोदी जी गांरटी दो। भाजपा सरकार हसदेव हरण्य क्षेत्र में वनों की कटाई शुरू कर चुकी है, हजारों पेड़ काटे जा चुके हैं, जिससे पर्यावरण पर वन्य जीव में गहरा प्रभाव पड़ रहा है। सत्ता में बैठी भाजपा सरकार कोयला खनन करके मलाई खा रही है और छत्तीसगढ़ को खोखला कर रही है। लगभग 1,70,000 हेक्टेयर में फैला यह जंगल अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है। कोयला 1,879.6 किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 23 कोयला ब्लॉक शामिल हैं। इसमें 1.369 अरब टन कोयला भंडार और 5.179 अरब अनुमानित कोयला भंडार है।

## आज कांग्रेस का स्थापना दिवस

# *कांग्रेस के स्थापना दिवस पर आज नागपुर में विशाल रैली, भूपेश सहित कई नेता होंगे शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 139वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। गुरुवार को स्थापना दिवस पर नागपुर में कांग्रेस राष्ट्रव्यापी रैली निकालेगी, जिसमें देशभर से 5 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से इस रैली में 25 हजार से अधिक लोग शामिल होने जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी नागपुर जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में एक विशाल हैं तैयार हम राष्ट्रीयस्तर की रैली आयोजित कर रही है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। स्थानीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं, सांसद, विधायक मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे, नागपुर दगौरी में आयोजित विशाल राष्ट्रीय रैली में शामिल होंगे।

### नागपुर से दिल्ली रवाना होंगे भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को देर रात नागपुर पहुंच कर वहां रात्रि विश्राम करेंगे। वहां पर गुरुवार को रैली में शामिल होने के बाद शाम 8.20 बजे नागपुर से दिल्ली रवाना होंगे। वहां पर रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन कांगेस नेताओं से मिलेंगे।

### स्थानीय स्तर पर भी होंगे कार्यक्रम

*प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कांग्रेसजन 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के रूप में मनायेंगे। कांग्रेस स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर एवं ब्लाक मुख्यालय सहित प्रत्येक मतदान केन्द्रों में प्रातः 9 बजे पार्टी का झंडा फहराते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर पार्टी के जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में कांग्रेस का इतिहास, विचारधारा, अतीत एवं वर्तमान की उपलब्धियां भविष्य की दृष्टि आदि विषयों पर गोष्ठियां एवं परिसंवाद कार्यक्रम कर रैली व सेमिनार का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मोर्चा संगठनों सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई शामिल होंगे।*

# लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 1 जनवरी से

**रायपुर।** लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च-जून 2024 के लिए आवेदन पत्र 1 से 31 जनवरी तक किए जा सकेंगे। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर के प्राचार्य ने बताया कि 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथपत्र संलग्न होना अनिवार्य है। मानक आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जाएंगे तथा जिस सत्र के लिए आवेदन किया गया है, उसी सत्र के लिये ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे।

उल्लेखनीय है कि लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है, जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर। साथ ही कार्यालय संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन के पत्र के अनुसार केवल सचिवालय, वन विभाग के ऐसे स्टेनो जो कैम्प कलर्क के रूप में कार्य करते हों तथा संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन के स्टेनोग्राफर को छोड़कर अन्य विभागों के स्टेनोग्राफर्स प्रवेश के पात्र नहीं है।


बढ़ती ठंड - घटते दाम - एक ही नाम - बालाजी सेल
शहर मे पहली बार 500 काउंटर की सेल पूरे शहर में उलन ही उलन
श्री बालाजी डायरेक्ट फैक्ट्री सेल
शहर में पहली बार 12000 वर्गफीट के विशाल हॉल में सेल लगायी गयी है
4000/- से 5000/- मार्केट प्राईज वाली इन्टरनेशनल ब्राण्ड की
जैकेट
599/-
3000/- से 4000/- मार्केट प्राईज वाली इन्टरनेशनल ब्राण्ड की
ब्लेजर्स
(लेडिस व जेन्ट्स)
299/-, 499/-
विन्डचिटर पैराशूट
जैकेट
सेल से लेकर जायें
499/-
लेडिस, जेन्ट्स व किड्स के ब्रांडेड जैकेट (1000 से 2000 रु कीमत वाले) मात्र 99 से 700 रु में
• लेडिस स्वेटर व कार्डिगन मात्र 99 व 149 रु में किड्सवेयर का नया स्टॉक आया है.
लेडिस जैकेट स्वेटर/कुर्ती
एवं फैंसी स्वेटर कार्डिगन, ऊलन लॉग कुर्ती आदि (जिनकी मार्केट प्राईज 1000/- से 1500/- है)
सेल से लेकर जायें मात्र 99/- से 199/- में
लेडिस/गर्ल्स वियर
(मार्केट प्राईज 1500/- से 2000/-)
फैंसी ऊलन टॉप, ऊलन कुर्ती, हाइनेक, कार्डिगन
मात्र 99/-,149/-,199/- में
ब्रांडेड ऊलन लोअर व अपर मात्र
199/- में
बच्चों के वूलन कपड़े व जैकेट
मार्केट प्राईज 700/- से 800/-
सेल से लेकर जायें मात्र 199/- से 499/- तक
STOCK CLEARANCE
SALE UP TO 75%
BEST PRICE
सलवार सूट सेल ऑफर
1500 से 2000 रु वाले
मात्र 499/- में
3000 से 4000 रु वाले ब्रांडेड जीन्स ....... मात्र 699 एवं 1499 में
2000 से 2500 रु वाले ब्रांडेड शर्ट ............ मात्र 399 एवं 699 में
1500 से 2000 रु वाली ब्रांडेड टी-शर्ट ..... मात्र 249 एवं 499 में
श्री बालाजी ब्राण्डेड गारमेंट सेल
CITY MALL 36 (लिफ्ट के बाजू में), G.E. ROAD, रायपुर

## सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी चोर पुलिस पकड़ से बाहर

# रिंग रोड से सटी कालोनियों में चोरों ने जमाया डेरा, कई घरों के टूट रहे ताले

### कई मामलों में पुलिस फरियादियों से शिकायत लेने के बाद एफआईआर दर्ज नहीं कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस छोटी चोरी तो छोड़, बड़ी चोरी की घटनाओं में एफआईआर दर्ज करने से परहेज कर रही है। पुलिस फरियादियों से शिकायत पत्र लेकर मामले की जांच करने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। चोरी की घटनाओं में आरोपियों के पकड़े नहीं जाने से चोरों के हौसले बुलंद है। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। हरिभूमि की टीम ने बुधवार को पुरानीबस्ती सहित कई अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जाकर स्थिति का जायजा लिया, तो लोगों ने बताया कि उनके यहां चोरी की घटना हुई है, लेकिन पुलिस केवल उनसे शिकायत पत्र लेकर मामले की जांच करने की बात कह कर उन्हें चलता कर देती है। इसके साथ ही कई चोरी के मामलों में पीड़ितों ने पुलिस को सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है। बावजूद उसके पुलिस अब तक उन चोरी के मामलों का खुलासा नहीं कर पाई है।

### सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी आरोपी पकड़े नहीं गए

बाइक चोरी के दर्जनों ऐसे मामले हैं, जिनमें पीड़ित ने पुलिस को बाइक चोरी करने के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया है, बावजूद इसके पुलिस चोरों को अब तक नहीं पकड़ पाई। राधास्वामी नगर में जिस डॉक्टर के घर चोरी की घटना हुई थी, डॉक्टर ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है, बावजूद इसके पुलिस अब तक चोरों को पकड़ नहीं पाई है।



### बस टर्मिनल के आसपास की कालोनियां असुरक्षित

राजधानी में बने बस टर्मिनल के आसपास की कालोनियों में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। राधास्वामी नगर में पिछले चार महीनों के भीतर एक दर्जन के करीब चोरी की घटनाएं हुई हैं, लेकिन पुलिस ने उनमें से कुछ ही मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कमोबेश यही हाल प्रोफेसर कालोनी का है।

### घटना के 21 दिन बाद भी एफआईआर नहीं

एक अन्य मामले में राधास्वामी नगर में एक डॉक्टर के निर्माणाधीन मकान में चोरों ने 27 दिन पूर्व छह दिसंबर को धावा बोलते हुए मकान को नुकसान पहुंचाते हुए एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का इलेक्ट्रिक वायर तथा उपकरण चोरी कर ले गए। डॉक्टर ने घटना की शिकायत थाने में की। पुलिस ने डॉक्टर से शिकायत लेकर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है।

### बिल देने के बाद एफआईआर दर्ज करने कहा

इसी तरह से एक अन्य मामले में सरस्वती नगर थाने में एक पीड़ित चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पहुंचा, तब पुलिस ने उस पीड़ित को चोरी गए सोने-चांदी के जेवर के बिल पेश करने के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही। पीड़ित का कहना है कि चोरी गए जेवर काफी पुराने हैं, ऐसे में वे बिल कहां से लाएं।

## सीएम का भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ ने किया अभिवादन

रायपुर। भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उनका अभिवादन किया। बता दें कि भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष योगेश रावत की अध्यक्षता में विगत दिनों हुई। इसमें प्रदेश के 16 जिलों के अध्यक्ष और महासचिव को नियुक्ति दी गई। नियुक्ति भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एसआर कांडे तथा प्रदेश महासचिव भोजराज गौरखेड़े की अनुशंसा से की गई।

**बिजनेस साइट**

## उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात



रायपुर। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों ने अध्यक्ष अश्विन गर्ग के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट की। मुख्यमंत्री से छ.ग. के औद्योगिक परिदृश्य एवं विकास पर चर्चा की गई। अश्विन गर्ग ने कहा, आपके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छ.ग. के एमएसएमई उद्योगों को एक नई गति एवं ऊर्जा मिलेगी एवं हमारे प्रदेश में औद्योगिक क्रांति का संचार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग हित के लिए हरसंभव प्रयास किये जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष अश्विन गर्ग, उपाध्यक्ष राजकुमार राठी, पूर्व अध्यक्ष विनोद केजरीवाल, सहसचिव नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेक अरोरा एवं प्रदीप जैन उपस्थित थे।










## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने मनाई पं. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती

रायपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने आशीर्वाद भवन में महामना मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के संरक्षक एंव पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल हुए। वक्ताओं ने दोनों महापुरूषों की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि महामना मदन मोहन मालवीय ने शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण कर प्रगति के द्वार खोल दिए। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का प्रदेश अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल एवं महासचिव पं. अरविंद दीक्षित ने स्वागत किया।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 28 दिसंबर 2023
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

रॉयल लुक के लिए अपने ....

## एजूकेशन अपडेट

## ऑनलाइन होगी आरटीई प्रक्रिया मार्च में खुलेगा स्टूडेंट पोर्टल



**रायपुर।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में प्रवेश की कार्यवाही के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होगा। संचालक लोक शिक्षण ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग और जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रवेश के संबंध में समय-सारिणी के अनुसार कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में भी इस संदर्भ में समय-सारिणी और दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

### नोडल अधिकारी जांचेंगे दस्तावेज

गौरतलब है कि आरटीई के अंतर्गत प्रवेश की पूरी प्रक्रिया ऑन लाइन ही होगी। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार , स्कूल प्रोफाइल अपडेट कार्य 1 से 28 फरवरी तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य भी इस अवधि में ही होगा। प्रथम चरण में छात्र पंजीयन आवेदन 1 मार्च से 15 अप्रैल तक होगा। नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से 30 मई तक होगा और स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया 01 जून से 30 जून तक की जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय चरण में प्रवेश की प्रक्रिया एक जुलाई से प्रारंभ होगी।

## बीएड के लिए आवेदन 20 तक रविवि ने अपडेट किए सेंटर



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में बीएड प्रथम सेमेस्टर के लिए 1 से 15 जनवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। इसके पश्चात विलंब शुल्क के साथ आवेदन के लिए 16 से 20 जनवरी तक का समय देना होगा। छात्रों को 100 रुपए विलंब शुल्क के रूप में देने होंगे। नियमित और भूतपूर्व छात्रों के लिए परीक्षा शुल्क 1190 रुपए निर्धारित की गई है। जबकि एटीकेटी छात्रों को 765 रुपए फीस के रूप में देने होंगे। छात्र अपनी यूजर आईडी के जरिए इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए रविवि द्वारा पहले ही आवेदन मंगाए जा चुके हैं। इनकी परीक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी है। बीएड पाठ्यक्रम में विलंब तक प्रवेश होने के कारण इसकी परीक्षाएं अपेक्षाकृत देर से आयोजित की जा रही हैं।

### सेमेस्टर के लिए केंद्र निर्धारित

बीएड आवेदन के साथ सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्र से संबंधित सूचनाएं भी रविवि द्वारा जारी की गई है। राजधानी के कई महाविद्यालयों में एक से अधिक कॉलेजों के लिए सेंटर बनाए गए हैं। इनकी सूचना विवि के पोर्टल पर अपडेट कर दी गई है। बीएड की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ये सेंटर लिस्ट जारी की गई है। अन्य विषयों के लिए विवि प्रबंधन द्वारा पहले ही केंद्र निर्धारण किया जा चुका था। बीएड के अलावा रविवि की वार्षिक परीक्षाओं के लिए भी आवेदन जारी है। रेगुलर और प्राइवेट दोनों ही छात्रों की वार्षिक परीक्षाएं मार्च से शुरू होंगी। समय-सारिणी अभी घोषित नहीं की गई है।

## केंद्रीय विवि की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने अर्जी 24 तक

**रायपुर।** देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के साथ-साथ राज्य व निजी विश्वविद्यालयों में संचालित होने वाले मास्टर्स डिग्री कोर्सेस में वर्ष 2024 में दाखिले के लिए आयोजित किए जाने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस एंट्रेंस टेस्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया 26 दिसंबर से शुरू की गई है। स्टूडेंट्स निर्धारित आखिरी तारीख 24 जनवरी 2024 तक अपना पंजीकरण ऑनलाइन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क का भुगतान 25 जनवरी तक कर सकेंगे। आवेदन में सुधार 27 से 29 जनवरी तक होगा। एडमिट कार्ड 7 मार्च को जारी किया जाएगा। परीक्षा 11 से 28 मार्च तक होगी।

### प्रति विषय चुकाने होंगे 600 रुपए

ऐसे में जो स्टूडेंट्स इस परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे इस परीक्षा के लिए एनटीए द्वारा लांच की गई आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत स्टूडेंट्स को पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और फिर रजिस्टर्ड डिटेल के माध्यम से लॉग-इन करके स्टूडेंट्स एग्जाम के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। आवेदन के दौरान निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा। एग्जाम फीस अधिकतम दो टेस्ट पेपरों के लिए 1200 रुपए निर्धारित है। अतिरिक्त टेस्ट पेपरों के लिए भी आवेदन करते समय 600 रुपए प्रति टेस्ट पेपर अतिरिक्त शुल्क भी भरना होगा।

● परिवार संग सेलिब्रेशन के लिए होटल की जगह फार्म हाउस दे रहे प्राथमिकता

# सेहतमंद पकवान, वाटर डांस पार्टी, रशियन बैंड लाइव डीजे संग पारंपरिक वाद्ययंत्रों का मिश्रण




### पारिवारिक माहौल में उत्सव

काठाडीह में बने प्राइवेट फार्म हाउस के बारे में जानाकारी देते हुए शैलेष गुप्ता ने बताया कि पहला मौका होगा, जब पारिवारिक माहौल में नए साल का उत्सव इस बार मनेगा। इसमें बाहरी लोगों के बजाय फैमिली के लोगों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें 25 परिवार के लोग शामिल हो सकते हैं। इसे देखते हुए बाहरी लोगों को एंट्री नहीं दी जा रही है। उत्सव को खास बनाने के लिए लाइटिंग के साथ ही कैटरिंग की सुविधा भी देने की तैयारी है।

### रहने-खाने की सारी सुविधा

वीआईपी रोड के एक फार्म हाउस में इस बार 100 परिवारों को एंट्री दी जाएगी। सर्वसुविधा युक्त कमरों के साथ ही पति-पत्नी व दो बच्चों के साथ आने वाली फैमिली को प्रतिदिन का 20 हजार रुपए देने होंगे। अंशुल कुमार ने बताया कि डिनर व हाई-टी पैकेज में कॉम्पलिमेंट दे रहे हैं। इस बार लोगों की सुरक्षा और उन्हें बेहतर माहौल देने के लिए इंतजाम भी किए गए हैं, इसे देखते हुए ही लोग फैमिली के साथ शामिल होने हर साल आते हैं।

> नए साल का स्वागत करने के लिए इस बार बड़े होटल समेत फार्म हाउस को भी रंग-बिरंगी लाइट्स से रोशन किया जा रहा है। शोरगुल से दूर रहकर खुशनुमा माहौल में समय बिताने के शौकीन लोगों ने फार्म हाउस की सुध लेनी शुरू की है। जो लोग पिछले साल स्लॉट बुक कराने से चूक गए थे, ऐसे लोग इस बार पहले से ही बुकिंग कराते हुए पैकेज का लाभ ले रहे हैं।

**रायपुर।** साल 2024 को सेलिब्रेट करने वालों की तैयारी शुरू हो गई है। वीआईपी रोड, काठाडीह और आमानाका इलाके में स्थित फार्म हाउस में बुकिंग का दौर भी शुरू हो गया है। इसमें कई फार्म हाउस ऐसे हैं, जहां लोग फैमिली के साथ नया साल मनाने पहुंचते हैं। बढ़ते क्रेज को देखते हुए कई फार्म हाउस में पैकेज की सुविधा भी दी जाती है। इसे देखते हुए लोग अभी से फार्म हाउस का रुख करने लगे है। नौकरीपेशा व व्यापारी ही नहीं, दूसरे शहरों से आने के बाद परिवार से दूर रहने वाले लोग भी नए साल को खुशनुमा माहौल में मनाने के लिए फार्म हाउस तक जाने लगे हैं। इसे देखते हुए फार्म हाउस की साज-सज्जा भी ऑनर्स करा रहे हैं। इसमें किसी फार्म हाउस में लोगों को सेलिब्रेशन तो किसी जगह फैमिली को खुशनुमा माहौल देने पैकेज भी दिए जाते हैं।



### प्राइवेट बुकिंग कराते हैं लोग

आउटर इलाके में फार्म हाउस एंड विला में लोग नया साल मनाने पहुंचेंगे। आमानाका स्थित विला में दी जाने वाली सुविधा के बारे में पुलकित मित्तल ने बताया, हर साल की तरह ही तैयारी की गई है। इस बार 10 हजार प्रति व्यक्ति पैकेज तय है। इसमें प्राइवेट बुकिंग कराने के लिए ही लोग आते हैं। इसे देखते हुए व्यवस्थागत तैयारी के साथ ही गीत-संगीत तथा खानपान का भी इंतजाम रहेगा। प्राइवेट बुकिंग कराने वालों को ही प्रवेश देते हैं।



### मुंबई के सनबर्न डीजे की धुन पर झूमेंगे युवा

होटल सयाजी में इस बार नए साल पर मुंबई का सनबर्न डीजे धूम मचाएगा। यहां डीजे आर्टिस्ट बैसहुक हिंदी और अंग्रेजी गानों को डीजे प्ले करेंगे। देशभर में सनबर्न और बैसहुक को पार्टी के लिए काफी पसंद किया जाता है। होटल मार्केटिंग हेड इशिता ने बताया कि पार्टी 8 बजे शुरू होगी, जो रात 12 बजे तक चलेगी। नए साल पर केक काटा जाएगा और होटल में आतिशबाजी भी देखने को मिलेगी। यहां एंट्री के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 1800 रुपए देने होंगे।

### नवा रायपुर में दो दिन चलेगी पार्टी

नवा रायपुर स्थित मे-फेयर होटल एंड रिसोर्ट में नए साल के अवसर दो दिन पार्टी होगी। यहां मुंबई के तर्ज पर वाटर डांस पार्टी का आयोजन किया गया है। पानी के भीतर डीजे की धुन पर लोग झूमेंगे। 30 और 31 दिसंबर को यहां पार्टी होगी। एंट्री फीस 800 रुपए है।



### बच्चों के लिए किड्स जोन

होटल कोर्टयार्ड मैरियट में द ग्लिट्ज गाला बैंड अपनी प्रस्तुति से पार्टी को यादगार बनाएंगे। इसके अलावा इंटरनेशनल डीजे का भी आकर्षण रहेगा। होटल प्रबंधन के मुताबिक नए साल के सेलिब्रेशन में सभी उम्र के लोगों का ध्यान रखा गया है। बच्चों के लिए किड्स प्ले जोन बनाया जाएगा। 31 दिसंबर को इंटरनेशनल डीजे के साथ लोगों को लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी मिलेगा। इसके लिए नए-नए व्यंजनों की लिस्ट भी बनाई जा रही है, जो आम दिनों में लोगों को नहीं परोसी जाती।

### नए साल में लाइव बैंड मचाएंगे धूम

ललित महल में 31 दिसंबर की रात मुंबई का लाइव बैंड आकर्षण का केंद्र होगा। विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ युवाओं का ग्रुप प्रस्तुति देगा। नए साल के उत्सव को लेकर बुकिंग लगभग फुल होने को है। ज्यादातर लोगों ने डिनर के लिए टेबल बुक करा लिए हैं। इस बार लाइव बैंड के अलावा डीजे की धुन पर पार्टी होगी। पार्टी में रशियन बैंड की प्रस्तुति भी होगी। इसके अलावा पार्टी में अनलिमिटेड फूड और ड्रिंक की व्यवस्था भी की गई है।

### नहीं आएंगे सेलिब्रिटी

नए साल के उत्सव में इस बार किसी सेलिब्रिटी के आने की खबर नहीं है। होटल व बड़ी इवेंट कंपनी ने पार्टी में इंटरनेशनल डीजे मंगाया है। इसके अलावा नए साल में डीजे पार्टी के साथ कपल के लिए कैंडल लाइट डिनर भी आकर्षण रहेगा। होटल हयात में भी नए साल के स्वागत में कैंडल लाइट डिनर, लाइव म्यूजिक का इंतजाम रहेगा।

## सांस्कृतिक विरासत साझा करने नववर्ष उत्सव कई देशों के विद्यार्थियों ने संग की समग्र प्रार्थना

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय में क्रिसमस और नववर्ष उत्सव का संयुक्त आयोजन किया गया। विवि आनंददायक ध्वनियों से गूंज उठा, जब छात्र, शिक्षक और कर्मचारी एक साथ एकत्र हुए। सांस्कृतिक विविधता का सुंदर मिश्रण छात्रों ने पेश किया। कलिंगा विवि में पढ़ने वाले दूसरे देशों के छात्रों ने भी प्रस्तुति दी। शुरुआत एक अंतरराष्ट्रीय छात्र की शांतिदायक समग्र प्रार्थना से हुई, जिसमें विभिन्न देशों के छात्र शांति और चिंतन के लिए एक साथ आए। उपस्थित लोगों की विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि ने प्रार्थना में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाया। बैंड प्रदर्शन भी हुआ। खुशियां साझा करने छात्रों ने केक काटे।





शांति और चिंतन के लिए एक साथ आए छात्र





### सांता बन बांटे चॉकलेट और मफिन

छात्रों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जीवंत और सकारात्मक माहौल में विद्यार्थी संग शिक्षक भी शामिल हुए। प्रशासनिक विभाग के विशाल सिंह सांता क्लॉज के रूप में दिखे, जिन्होंने उपस्थित लोगों को चॉकलेट और मफिन वितरित किए। डीजे नाइट में छात्र जमकर थिरके। डॉ. सजीव यादव, डॉ. स्मिता प्रेमानंद, डॉ. विजयानंद, डॉ. डीएम साहू, डॉ. मनोज मैथ्यू, अर्चना नागवंशी सहित अन्य शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ इसमें शामिल हुआ। छात्रों के मध्य सामंजस्य स्थापित हो और वे एक-दूसरे की सभ्यता और संस्कृति से परिचित हो सकें, इसलिए यह आयोजन किया गया।

## वामा कैपिटल ने जीते 15 अवार्ड सदस्यों ने साझा किए अनुभव



**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा वर्ष के अंत में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में यह आयोजन हुआ। बच्चों के स्वागत नृत्य पश्चात आस्था पठन दिव्या जैन ने किया। 2023 की अध्यक्ष शिखा गोलछा ने सालभर सक्रिय रहने वाले सदस्यों को सम्मानित किय। स्टार ऑफ द मंथ और कार्यकारी सदस्य भी सम्मानित हुए। सदस्यों ने अपने एक वर्ष के अनुभव भी साझा किए। राष्ट्रीय स्तर की आयोजनों में 15 आउटस्टैंडिंग अवार्ड अपने नाम संस्था ने किए हैं। इसका ब्यौरा भी कार्यक्रम में पेश किया गया। वर्ष अंत में 2023 के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होगा और चैप्टर के नए पदाधिकारी पदभार संभालेंगे। नवीन वर्ष की अध्यक्ष शिल्पा काबरा होंगी। कल्पना गुप्ता सचिव पद की शपथ अपने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ लेंगी। इस मौके 30 सदस्यों ने संस्था की सदस्यता ग्रहण किया।

कार्नर न्यूज

चाइना पतंग की कीमत सबसे अधिक, कोरोनाकाल से बढ़ी है डिमांड

## गंदे होने पर धोई जा सकेंगी कपड़े से बनी पतंग, फोल्ड करने की भी सुविधा, बरेली व गुजरात से आईं 10 फीट ऊंची पंतग







**रायपुर।** मकर संक्राति के लिए शहर के बाजारों में रंग-बिरंगे पतंग सज गए हैं। व्यापारियों ने संक्रांति के 20 दिन पहले से ही तैयारी कर रखी हैं। अन्य राज्यों व चाइना से विभिन्न डिजाइन के पतंग लाए गए हैं। शहर में अब तक कई स्टॉक इसके लाए जा चुके हैं। बूढ़ातालाब स्थित एक पतंग भंडार के संचालक विवेक जैन ने बताया, हमारी यह दुकान तीन पीढ़ियों से संचालित हो रही है। हर वर्ष कई राज्यों से पतंग मंगाए जाते रहे हैं। इस बार बरेली व अहमदाबाद के साथ ही, चाइना से भी पतंग मंगाए गए हैं। सबसे अधिक मांग देश में बनने वाले पंतग की होती है। यह सभी सस्ते दामों पर क्रय किया जा सकता है, इसलिए इसकी मांग अधिक होती है। दुकान संचालक शांतिलाल जैन के अनुसार, हर वर्ष करीबन 50 हजार से एक लाख तक का समान लाया जाता है। इसमें चाइना पतंग की कीमत 50 रुपए से चालू होकर 1500 तक है। 10 फीट तक की बड़ी पतंग दुकान में है, जिसकी कीमत भी अधिक है। चाइना की पंतग के कई अनोखे फायदे हैं। इसे फोल्ड कर एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जा सकता है। इसे कपड़े से तैयार किया जाता है, जिसे कभी भी धोया जा सकता है। यह पतंग ड्रैगन के डिजाइन का अधिक बिकता है। कोरोना काल से पंतग की डिमांड पहले से अधिक हो गई है। बाजार में पतंग का क्रेज लोगों में दिख रहा है।

### 1100 रूपए तक कीमती पतंगे

एक अन्य पतंग भंडार दुकान के संचालक संजय कसार ने बताया, मेरी दुकान 1982 से संचालित हो रही है। शौकिया तौर पर मैंने इसकी शुरुआत की, लेकिन अब व्यावसाय का माध्यम बन गया। दुकान में कोलकाता, बरेली, गुजरात जैसे शहरों से पतंग लाया जाता है। 5-10 फीट की पतंग की कीमत 8 सौ से 11 सौ तक है।

### कम कीमत वाले पतंगों की बिक्री सर्वाधिक



एक पतंग स्टोर के संचालक प्रफुल्ल ने बताया, हमारी दुकान में 5 से 20 रुपए के पंतग आते हैं। इससे अधिक कीमतों के पतंग भी आते हैं, लेकिन सर्वाधिक बिक्री कम कीमतों वाली पतंग की होती है। ये पतंग नागपुर से लाए जाते हैं। इसमें चील, ड्रैगन डिजाइन के पतंग लाए जाते हैं। हर वर्ष एक से डेढ़ लाख का समान लाया जाता है। मकर संक्रांति से पहले बच्चों में उत्साह देखा जाता है। बाजार में बच्चे ही पतंग की खरीदी अधिक करते हैं।

## सिटी इवेंट

# शाला विकास के लिए साझा किए सुझाव, तकनीकी जानकारी भी



**रायपुर।** अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। निजी स्कूल संचालकों के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। यहां शाला संचालकों को शिक्षा के अधिकार कानून से संबंधित वेब पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई।पोर्टल की जानकारी देते हुए इसके उपयोग करने के तरीकों का विश्लेषण किया गया। कार्यशाला में शहर के साथ महासमुंद, बलौदाबाजार, भाटापारा, गरियाबंद व धमतरी के निजी स्कूल संचालक भी शामिल हुए। उनके विषय संबंधित समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया गया। लगभग 1400 निजी स्कूलों के संचालकों ने यहां हिस्सा लिया।

### निभा रहे सहभागिता

शाला संचालको ने हिस्सा लेते हुए, विद्यालय के विकास के लिए अपनी-अपनी रुचि जाहिर की। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, आरटीई से जुड़ी तकनीकी चीजें साझा करने के साथ ही स्कूलों ने बताया कि वे किस तरह से छात्रों के विकास कार्य में सहभागिता निभा रहे हैं। कई तरह के सुझाव भी उन्होंने दिए। कार्यशाला में बैंक अधिकारी जय रघुवंशी ने पोर्टल से संबंधित प्रस्तुति दी। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, संयुक्त संचालक डॉ. अशोक शिवहरे व उप संचालक आरटीई राकेश पांडे ने भी इसमें शामिल होकर शिक्षा के अधिकार से जुड़ी जानकारियां साझा की। मुकेश शाह, शिविजय चोपड़ा, विनोद पांडेय, सुबोध राठी, मनोज गुप्ता, शेफर्ड बर्न सहित अन्य ने कार्यशाला में हिस्सा लिया।

## धर्म लाइव

# तीर्थ दर्शन या पूजन से अधिक आवश्यक भगवान का चिंतन



**रायपुर।** महावीर नगर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यहां कथा वाचक हरीश पांडे ने सभा को संबोधित करते हुए, रुख्मणी विवाह की कथा सुनाई। आठ दिवसीय कथा में बुधवार को श्री कृष्ण व रुख्मणी विवाह, रुख्मणी हरण व व्यक्ति द्वारा भगवान की भक्ति से लाभ को लोगों के समक्ष रखा गया। कुछ भक्तों का यह मानना है कि पूजा करने व धार्मिक स्थानों पर भ्रमण करना ही भगवान की भक्ति है। जबकि असली भक्ति भगवान को हृदय से याद करना है। व्यक्ति अपने लिए घर बनाने परिश्रम करता है, लेकिन वह मकान में रहकर भी खुद को सुखी नहीं रख पाता। इसका मुख्य कारण यह है कि उसने भगवान का चिंतन नहीं किया है। यदि कोई व्यक्ति तीर्थ यात्रा करता हो, रोजाना भजन करता हो, जिसके बाद भी उसे मन की शांति ना मिल रही हो तो उसे भगवान का चिंतन करना चाहिए।

### लक्ष्मी का ही स्वरूप हैं रुख्मणी

कथा के दौरान विवाह की अद्भुत झांकी निकाली गई, जिसमें माता रुख्मणी व श्री कृष्ण के विवाह को दर्शाया गया। कथा के दौरान हरीश पांडे ने बताया, रुख्मणी विवाह के लिए श्री कृष्ण ने माता रुख्मणी का हरण किया। लोगों के मन में हमेशा इसे लेकर कई प्रश्न रहते हैं कि भगवान ने हरण जैसा आपत्तिजनक कार्य क्यों किया? इसका उत्तर देते हुए उन्होंने कहा, संतों के अनुसार माता लक्ष्मी का एक रुप रुख्मणी है। श्री कृष्ण ने माता लक्ष्मी के स्वरुप रुख्मणी का हरण कर उनसे विवाह रचाया।

## आराधना

# तीस प्रकार की औषधि से तैयार होगा गोपाल काला का प्रसाद



**रायपुर।** दत्तात्रेय जयंती के उपलक्ष्य पर पुरानी बस्ती स्थित प्राचीनतम दत्तात्रेय मंदिर में विविध आयोजन हुए। दस दिवसीय कार्यक्रम के नवम दिवस भव्य रुप से सुबह 12 बजे से देर शाम तक भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरि वल्लभ अग्रवाल ने बताया, बीते सौ सालों से लगातार जयंती महोत्सव मनाया जा रहा हैं। यहां भगवान दत्तात्रेय के जन्म के दूसरे दिन 5 हजार से अधिक लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाता है। ब्राम्हण भोज से भंडारे की शुरुआत की गई। जयंती अवसर पर प्रदेश के कई स्थानों से भगवान के दर्शन के लिए भक्त पहुंचे रहे। उत्सव के दौरान 10 हजार की संख्या में श्रद्धालुओं ने दत्तात्रेय भगवान के दर्शन किए हैं।



### नए वस्त्रों और फूलों से श्रृंगार

मूर्ति का नए वस्त्रों और फूलों से श्रृंगार किया गया। आज गुरुवार को मंदिर परिसर में गोपाल काला उत्सव का आयोजन दोपहर एक बजे से होगा। गोपाल काला के प्रसाद का विशेष महत्व होता है। गोपाल काला का प्रसाद तीस प्रकार के खाद्य सामग्री से तैयार किया जाता है। पं. सुबोध पाण्डे, पं. राजेश शर्मा, माधो प्रसाद पाठक सहित धर्मेश नामदेव, चेतन दंडवते ,श्रीकांत दामले, महेश राम साहू, विनायक राव कांकडे व सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे।

### मंदिरों में कार्तिक माह से ही बदल दिए जाते हैं पोशाक और खान-पान

# पौष की ठंड... लड्डू गोपाल को सर्दी से बचाने पहना रहे गर्म कपड़े, मथुरा से मंगाए गए खास वस्त्र

“

’आस्था से जुड़े लोग लड्डू गोपाल की सेवा में लगे हैं। मंदिरों में उनके बाल स्वरूप को मौसम की मार से बचाने के लिए पुजारी व मुखिया भी जतन करने लगे हैं। जैसे माता यशोदा बाल गोपाल की सेवा करती थीं, वैसे ही शहर के प्रमुख गोपाल मंदिरों में श्रृंगार के साथ उनकी पोशाक को भी बदला जाता है। इसे देखते हुए बाजार में लड्डू गोपाल के लिए मखमल के शॉल व स्वेटर और टोपी भी बिकने लगे हैं।

### रात में ओढ़ाया जा रहा शॉल

श्याम खाटू मंदिर के पं.राजेश शर्मा ने बताया, 1998 में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से ही गोपाल की सेवा मौसम के अनुरुप की जाती है। अभी पंडित उमेश मिश्रा लड्डू गोपाल की सेवा करते हैं। आरती से लेकर श्रृंगार तक की सारी प्रक्रिया वे निभाते हैं। सर्दी बढ़ते ही गोपाल की पोशाक में मखमल के अस्तर लगे वस्त्र पहनाए जाते हैं। रात में शॉल ओढ़ाने के बाद मंदिर के पट बंद किए जाते हैं। कई बार श्रद्धालु भी गोपाल की पोशाक श्रद्धा से अर्पित करते हैं।





### श्रद्धालु भी अर्पित कर रहे गर्म वस्त्र



### मखमल के अस्तर लगे वस्त्र

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा मुखिया के माध्यम से ठाकुर जी को रोज अस्तर लगे वस्त्र पहनाने के साथ ही शॉल भी ओढ़ाया जाता है। बताया गया कि जैसे मौसम बदलने पर बच्चों की जीवन शैली, खान-पान और पोशाक बदल जाती है, उसी तरह लड्डू गोपाल के खान-पान और पोशाक में बदलाव किया जाता है। कार्तिक माह से सर्दी बढ़ जाती है, इसे देखते हुए ठाकुरजी की पोशाक में अस्तर लगाया जाता है। शुद्धता के लिहाज से उन्हें मखमल की शॉल ओढ़ाते हैं, ताकि ठंड ना लगे।



**रायपुर।** मंदिरों व घरों में लड्डू गोपाल की सेवा करने वाले लोग उन्हें हाथ से तैयार किए कपड़े ही नहीं, बल्कि बाजार में मिलने वाले गर्म कपड़ों को भी लड्डू गोपाल को पहना रहे हैं। गोपाल मंदिरों में बाल गोपाल की सेवा का तौर-तरीका कार्तिक माह शुरू होते ही बदल जाता है। पौष माह में ठंड बढ़ने के साथ अब विशेष जतन हो रहे हैं। सर्दी शुरू होते ही जैसे लोग अपने बच्चों को इससे बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाते हैं, उनका श्रृंगार करते हैं, उसी तरह माता यशोदा भी गोपाल का ध्यान रखती थीं। इसका पालन सदर बाजार के गोपाल मंदिर ही नहीं बल्कि अन्य मंदिरों में भी किया जा रहा है। समता कॉलोनी स्थित श्याम खाटू मंदिर में भी लड्डू गोपाल को गर्म पोशाक पहनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। पुजारी व मुखिया लड्डू गोपाल का श्रृंगार करने के बाद उन्हें कहीं शॉल ओढ़ा रहे तो कहीं मखमल के कपड़े पहनाते हुए लड्डू गोपाल को ठंड न लगे, इस भाव से उनकी सेवा करते हैं। इसमें कई जगह पुजारी पोशाक बनाते हैं तो कई जगह भक्त पोशाक तैयार करके लड्डू गोपाल को अर्पित भी करते हैं।



### मथुरा से मंगाते हैं खास पोशाक

बड़े मंदिर शहर में सीमित हैं, इसलिए वे मखमल के वस्त्र खरीदने के बाद खुद ही उसे तैयार करते हैं। चिकनी मंदिर लाइन में लड्डू गोपाल की पोशाक बेचने वाले शत्रुघ्न गुप्ता बताते हैं कि बहुत से परिवार लड्डू गोपाल की पूजा घरों में करते हैं। उनके द्वारा खुद वस्त्र बनाकर भी पहनाया जाता है। लेकिन सर्दी शुरू होते ही लोग गर्म कपड़े खरीदने के लिए आने लगे हैं। इसे देखते हुए इस बार मथुरा में तैयार होने वाले ऊनी व मखमली पोशाक मंगाने के बाद 50 से 300 रूपए में लड्डू गोपाल के लिए शॉल, स्वेटर और टोपी भी खरीदने लोग आने लगे हैं। ना सिर्फ लड्डू गोपाल बल्कि मंदिर में स्थापित हनुमान भगवान सहित अन्य प्रतिमाओं को भी गर्म वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। लेकिन बाल स्वरूप में होने के कारण लड्डू गोपाल की विशेष सेवा की जा रही है।



# बच्चों ने किया शहादत को नमन, वीरता आधारित काव्य पाठ



**रायपुर।** गुरु गोविंद सिंह और उनके साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह बहादुर सिंह की शहादत को संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने नमन किया। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बुधवार को सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान दिवस को नमन किया गया। स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बच्चों को गुरु साहिब के परिवार की शहादत के बारे में बताया। उन्होंने बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह बहादुर सिंह की शहादत को याद करते हुए कहा कि छह वर्ष और आठ वर्ष की अल्प आयु में इन्हें यातनाएं दी, उन्हें डराया और धमकाया गया। इसके बावजूद वे अपने धर्म पर अडिग रहे। अपने धर्म की रक्षा के लिए इन दोनों ने शहादत को स्वीकार किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार, पराग दलाल, अमृता ठोके, पीयूष, पालक, बच्चे और शिक्षक उपस्थित थे।



### वीर बाल दिवस पर बालिकाओं ने दी प्रस्तुति

छग राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से संचालित खुला आश्रय, बाल गृह (बालक) माना कैंप में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि परिषद के महासचिव डॉ. अशोक त्रिपाठी ने अपने उदबोधन में 500 वर्ष पूर्व सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों जोरावर सिंह एवं फ़तेह सिंह के बलिदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सिख गुरु गोविंद सिंह ने अपना धर्म परिवर्तन नहीं किया, जबकि उनके सामने उनके पुत्रों को औरंगजेब ने दीवार पर जिंदा चुनवा दिया। विशेष अतिथि राजेंद्र निगम ने भी संबोधित किया। इसी प्रकार बाल गृह ( बालिका ) पुरानी बस्ती, स्पीच थैरेपी सेंटर सप्रे स्कूल परिसर एवं बाल गृह (बालिका ) कोंडागांव में भी वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था में निवासरत बालक एवं बालिकाओं ने गीत, नृत्य, कविता, प्रहसन एवं फैंसी ड्रेस प्रस्तुति दी।

# लघु फिल्म के जरिए याद की शहादत, डिजिटल प्रदर्शनी भी



**रायपुर।** एनआईटी में भी वीर बाल दिवस मनाया गया। यहां वीरता और बलिदान की कहानियां गूंज उठी। इस उत्सव के उपलक्ष्य में एक आकर्षक लघु फिल्म और एक डिजिटल प्रदर्शनी रखी गई। इन आकर्षक प्रदर्शनी के जरिए गुरु गोबिंद सिंह के युवा पुत्रों के बलिदान को बताया गया। उपस्थित लोगों ने पूरे सत्र के दौरान प्रेरणा की अनुभूति की। डॉ. एमके प्रसाद, डॉ. एसएल सिन्हा सहित अन्य संकाय सदस्य, पीएचडी विद्वानों और छात्रों ने भाग लिया।

### साहस और विश्वास का प्रतीक

प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि वीर बाल दिवस श्री गुरु गोबिंद सिंह के युवा पुत्रों, साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के त्याग और बहादुरी के सम्मान स्वरूप मनाया जाता है। उनका यह साहसिक कदम बलिदान, साहस और धार्मिक दृढ़ विश्वास का प्रतीक है। वीर बाल दिवस प्रतिवर्ष उनकी शहादत को याद करते हुए मनाया जाता है। उनसे प्रेरणा लेने और जीवन में साहसी बनने की सीख दी गई।

### टाटीबंध स्थित श्री अयप्पा मंदिर में मंडल पूजा उत्सव में रही भीड़

# व्रतधारी भक्तों ने पवित्र 18 सीढ़ियों का किया आरोहण पूजा उत्सव में खोली जाती हैं अयप्पा मंदिर की सीढ़ियां

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** श्री अय्यप्पा मंदिर में इस वर्ष भी मंडल पूजा उत्सव का आयोजन टाटीबंध स्थित प्रांगण में बुधवार को किया गया। श्री अय्यप्पा सेवा संघम ने इस बार भी इसे उत्सव का रूप देने में कोई कसर नहीं की। अध्यक्ष गोपाल मेनोन तथा सचिव शरद नायर ने बताया, इस वर्ष भी पूजा उत्सव को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन श्री अय्यप्पा मंदिर की पवित्र अट्ठारह सीढ़ियां खुलती हैं। इसके बाद व्रतधारी भक्तगण आरोहण करते हैं। टाटीबंध कॉलोनी के भगवान महादेव मंदिर में सुबह साढ़े 6 बजे पूजा के बाद केटटुनिरा का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके बाद 8 बजे पल्लिकेट्टु के साथ भक्तजन श्री अय्यप्पा मंदिर के लिए शोभायात्रा के रूप में निकले। इसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों के आने के कारण उत्सव का माहौल बना।



### शाम को दीप आराधना



मंदिर में मंडल पूजा अनुष्ठान के तहत प्रातः 4.30 बजे प्रभात फेरी के बाद निर्माल्य दर्शन, अभिषेकम्, गणपति होम, उषा पूजा संपन्न हुई। इसके बाद भक्तजन पल्लिकेट्टु सहित पवित्र सीढ़ियों का आरोहण करते हुए घी अभिषेकम्, मध्यान्ह पूजा में शामिल हुए। शाम को दीपाराधना के बाद भजनों की श्रृंखला सजी। इसके बाद रात 8.30 बजे से भोग-पूजा के बाद प्रसाद वितरण के बाद आयोजकों ने अन्नदानम कार्यक्रम संपन्न किया। इसमें शामिल होने के लिए सैकड़ों की तादाद में भक्त मौजूद थे।

### इसलिए मनाते हैं उत्सव



सेवा संघम ने बताया कि शनिश्वर भगवान श्री अय्यप्पा स्वामी का मुख्य मंदिर केरल राज्य के शबरीश्रृंग पर स्थित है, जहां हर साल कठोर व्रतधारी करोड़ों श्रद्धालु दर्शन प्राप्त करते हैं। वेदों, पुराणों तथा इतिहास से यह ज्ञात होता है कि तीनों लोक के चराचरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है। इससे मुक्ति प्रदान करने के लिए कई अवतार हुए हैं। कलयुग की कठिनाइयों से मुक्ति दिलाने के लिए हरिहरपुत्र, श्री धर्मशास्ता, कलियुगेश्वर शनिश्वर भगवान श्री अय्यप्पा ने अवतार लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ स्तरीय बॉल बैडमिंटन के दोनों वर्ग में भिलाई इस्पात संयंत्र विजेता



**रायपुर।** 23वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2023-24 पुरुष एवं महिला का आयोजन कोरबा जिला बाल बैडमिंटन संघ द्वारा 25 से 27 दिसंबर तक किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की पुरुष वर्ग में 18 जिला एवं बालिका वर्ग में 12 जिलों की टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लखन लाल देवांगन कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने विजेता उपविजेता एवं तृतीय स्थान की टीमों को पुरस्कार वितरित किया। पुरुष वर्ग तृतीय एवं चतुर्थ स्थान मैं महासमुंद में गरियाबंद को में 35-23 35-24 से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिए बस्तर ने कोरबा जिला को 35-27 37-35 एवं 35-33 से हरा कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में भिलाई इस्पात संयंत्र ने दुर्ग निगम को 35-25 39-38 35-24 हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में भिलाई इस्पात संयंत्र ने कबीरधाम जिला को कड़े मुकाबले में 37-35 25-35 35-33 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस अवसर पर सचिन कोरबा जिला ओलंपिक संघ सुरेश क्रिस्टोफर अहमद खान कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ नजीर हुसैन समीर अग्रवाल जी राजेश अंकित लुनिया गोपाल साहू सेवन दास उमेश नामदेव अविनाश चौहान सूरज नायक रोशन साहू एवं अन्य गण मान्य अतिथि उपस्थित थे। यह जानकारी बाय राजा राव सचिव छत्तीसगढ़ वॉल बैडमिंटन संघ ने दी।

### नैतिक शामिल हुए राष्ट्रीय स्कूली खेल में



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के क्लास 8 के विद्यार्थी नैतिक साहनी ने हाल ही में नई दिल्ली में 67 वें राष्ट्रीय स्कूल खेल में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ की अंडर-14 हैंडबॉल टीम के खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टीम छत्तीसगढ़ को हैंडबॉल में चौथा स्थान मिला। नैतिक यहां हैंडबॉल कांपलेक्स सेक्टर-4 में शिवजीत सिंह से लगातार 2 साल से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 12 से



**रायपुर।** रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन और पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 12 से 14 जनवरी तक बॉडी बिल्डिंग और वेस्टर्न इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन पुरानी बस्ती बुढ़ेश्वर मंदिर भवन में किया गया है। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार और पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव ऊदल वाल्मीकि ने बताया कि 12 एवम 13 जनवरी को पावर लिफ्टिंग का आयोजन किया जाएगा। वहीं 14 जनवरी को शाम 5 बजे मिस्टर रायपुर बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा के साथ मिस्टर मेंस स्पोर्ट्स फिजिक रायपुर जूनियर मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग मिस छत्तीसगढ़ के साथ पहली बार छत्तीसगढ़ में लेडिस स्विम सूट का भी आयोजन किया गया है। बॉडी बिल्डिंग की स्पर्धा में दिब्यांग छत्तीसगढ़ और 40 साल से ऊपर के मास्टर बॉडी बिल्डिंग की भी स्पर्धा होगी। बॉडी बिल्डिंग की स्पर्धा में रायपुर के अलावा छत्तीसगढ़ के महिला पुरुष बॉडी बिल्डर भी भाग लेंगे और नेशनल चैंपियनशिप स्पर्धा चेन्नई तमिलनाडु में 24 से 28 फरवरी के लिए बॉडी बिल्डर का चयन इसी स्पर्धा में किया जाएगा। स्पर्धा में सभी बॉडी बिल्डर और पावर लिफ्टर को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

### फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने हासिल किए 22 पदक



**रायपुर।** ऑल इंडिया शिशन काई शिटो कराते डू फेडरेशन की ओर से 21वां फेडरेशन कप 23 और 24 दिसबर को स्वर्ण भारती इनडोर स्टेडियम विशाखापत्तनम आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 6 स्वर्ण, 8 रजत और 8 कांस्य के साथ 22 पदक छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने हासिल किए। खिलाड़ियों के प्रशिक्षक अमल तालुकदार तथा सुकांत पंडित ने इन खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता में मार्गदर्शन दिया जबकि कोच इवांजलि एवं रोहन वर्मा ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहन वर्मा 75 किलो वर्ग भार कुमिते में स्वर्ण पदक व हर्षवर्धन वर्मा 57 किलो वर्ग भार काता कुमिते में दो स्वर्ण पदक, शरण्या दास 48 किलो वर्ग भार स्वर्ण पदक व काता, रजत पदक, अदिति काता में स्वर्ण पदक, वर्णम चंद्र डे काता में स्वर्ण पदक, के संतोष 45 किलो वर्ग भार में रजत पदक , प्रथमेश 40 किलो वर्ग भार काता कुमिते दो रजत पदक, वी मोक्षित काता रजत पदक, चैतन्य देशमुख काता रजत पदक, वी. समीक्षा 53 किलो वर्ग भार रजत एवं काता में कांस्य पदक, काव्य दास 42 किलो वर्ग भार में रजत एवं काता में कांस्य पदक, सत्यजीत 57 किलो वर्ग भार रजत पदक, अंकित सिंह काता कांस्य पदक, धीरज कुमार गायकवाड़ काता कांस्य पदक, वासुदेव साहू काता कांस्य पदक , शोएब खान काता में कांस्य पदक तथा सिद्धार्थ साहू ने 25 किलो वर्ग भार व काता में कांस्य पदक प्राप्त किया।

## सर्दियों में ट्रिगर हो सकती है आर्थराइटिस की दिक्कत

# सर्दियां बढ़ा सकती हैं आर्थराइटिस की दिक्कत आप भी हैं शिकार तो जरूर बरतें ये सावधानी

आर्थराइटिस, जोड़ों में होने वाली बहुत आम सी दिक्कत है, आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डॉक्टर्स कहते हैं, 45 की आयु के बाद महिला और पुरुष दोनों में इस समस्या का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही इस समस्या से बचाव के लिए सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में भी बदलाव का भी इस स्वास्थ्य समस्या पर असर देखा जाता रहा है। जिन लोगों को गठिया की बीमारी होती है, उनके लिए सर्दियों का समय कठिनाइयों भरा हो सकता है। ठंडा मौसम आर्थराइटिस की समस्या को और भी ट्रिगर कर सकता है, इसमें सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, तापमान में गिरावट के साथ रक्त वाहिकाओं में संकुचन होने लगता है, जिससे जोड़ों में सूजन-कठोरता की दिक्कत हो सकती है। बैरोमीटर दबाव के कारण ठंड के मौसम में गठिया का दर्द अधिक महसूस होता है और जोड़ों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनके लिए ये मौसम कई और भी प्रकार की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है।

### शरीर को रखें गर्म

*आर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार, ठंडा तापमान, दर्द-संवेदनशीलता को बढ़ा सकता है, इसमें रक्त परिसंचरण भी धीमा हो जाता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन बढ़ जाती है। इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। अपने आप को गर्म रखने के लिए टोपी, दस्ताने और स्कार्फ पहनें और इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड से जोड़ों की सेकाई करें। जोड़ों की कठोरता को कम करने के लिए हल्के गर्म पानी से स्नान करें।*

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

*गठिया के दर्द से बचने और अपने जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम सबसे अच्छी चीज है। नियमित शारीरिक गतिविधि ऊर्जा को बढ़ावा देने और ताकत-लचीलेपन में सुधार करने में मदद करती है। व्यायाम से फील-गुड हार्मोन भी रिलीज होता है जो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाले व्यायाम का लक्ष्य रखें।*

### एंटीइंफ्लामेटरी आहार का करें सेवन

*अपने आहार में बदलाव करने से गठिया को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। स्वस्थ पौष्टिक आहार, जिसमें एंटीइंफ्लामेटरी चीजें शामिल हों ये सूजन को कम करने, हड्डियों को मजबूत करने और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे वसायुक्त मछली, नट्स और सीड्स को आहार का हिस्सा बनाने से लाभ मिल सकता है।*

## ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को ऐसी एक्सरसाइज बनाती हैं 'आइकॉन'



टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद नीरज चोपड़ा ना सिर्फ देश, बल्कि पूरी दुनिया के हीरो बन गए. नीरज एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय ओलंपियन बने। आजादी के बाद यह एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक पदक था। ओलंपिक पदक जीतने के बाद नीरज चोपड़ा का वजन लगभग 12 किलो बढ़ गया था, लेकिन एक एथलीट के लिए ये आदर्श स्थिति नहीं है। ऐसे में नीरज चोपड़ा ने अपने वजन को कम करने के लिए एक्सरसाइज का सहारा लिया। आइए, इनके बारे में जानते हैं..

*रोइंगः ये एक्टिविटी फ्लाईव्हील रोलर पर नाव चलाने के मूवमेंट की नकल करके काम करती है। हालांकि वजन घटाने और फैट बर्न करने में रोइंग की तुलना में रनिंग को अधिक प्रभावी माना जाता है, लेकिन यह हाई इम्पैक्ट एक्सरसाइज भी है।*

*बैटल रोपः बार-बार बाहों को हिलाना और रस्सी को जमीन पर पटकना, फैट को खत्म करने का शानदार तरीका है। इससे मांसपेशियों को मजबूत बनाया जा सकता है। यह आपके कंधों और भुजाओं की गतिशीलता में भी सुधार करता है। यही कारण है कि नीरज जैसा वर्ल्ड क्लास जैवलिन थ्रोअर इसे अपने रूटीन का हिस्सा बनाते हैं।*

*हैंगिंग लेग रेजेस विद मेडिसिन बॉलःबार पर लटककर और पैरों को ऊपर उठाकर, आप निचले आधे हिस्से मजबूत बनाते हैं। जब एक बार ऐसा करने में सफल हो जाएं, तो मेडिसिन बॉल को उठाकर अतिरिक्त वजन बढ़ा सकते हैं। इसके करते वक्त निपुण होना बहुत जरूरी है। इसलिए ऐसा करते वक्त सावधानी रखें।*

*ग्लूट हेम रेस विद बॉल थ्रोः अधिकांश जिम में ग्लूट-हैम बेंच की सुविधा नहीं होती, हालांकि अगर आपके पास ये सुविधा है, तो इस वर्कआउट को अपने रूटीन में शामिल करें। यह ना केवल आपके शरीर को लीन दिखाने के लिए आपके ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग को मजबूत करेगा, बल्कि यह आपके डेली रूटीन में भी गतिशीलता लाएगा। जब आपका शरीर इस एक्सरसाइज का आदी हो जाए तो, आपको वेटेड प्रोजेक्टाइल फेंकने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आपको एक स्पॉटर की आवश्यकता होगी। टेनिस बॉल से छोटी शुरुआत करें, धीरे-धीरे हल्की मेडिसिन गेंदों तक इसे बढ़ा लें।*

## ठिठुराती ठंड में घरवालों को नए ढंग से बनाकर खिलाएं मेथी का पराठा

दिसंबर के महीने के साथ ये साल अपने आखिरी पड़ाव पर है। ऐसे में सर्दी भी अपना सितम ढा रही है। इस मौसम में खाने के कई ऐसे विकल्प मिल जाते हैं, जिसे बच्चे से लेकर घर के बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको मेथी के पराठे की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

दरअसल, सर्दियों के इस मौसम में मेथी खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। इसके सेवन से पाचन क्रिया भी सुचारू रूप से काम करती है। ऐसे में खुद के साथ-साथ अपने परिवार के लिए भी मेथी का पराठा बनाकर परोस सकती हैं। ये एक ऐसा पराठा है, जिसे आप बच्चों से अलावा बड़ों के लंच में भी पैक कर सकती हैंइसका स्वाद अचार और दही से साथ तो बढ़ता ही है, लेकिन अगर आप इसके साथ आलू टमाटर की सब्जी परोसेंगी तो आपके परिवारवाले पेट के साथ-साथ मन भर के मेथी का पराठा खाएंगे। इसी के चलते आइए बिना देर किए हुए आपको मेथी का पराठा बनाने का सही और आसान तरीका बताते हैं। मेथी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी के पत्तों को अच्छे से साफ करके धो लें। इसके बाद एक बड़े कटोरे में आटा छान कर निकाल लें। इस आटे में



दही, अजवाइन समेत सभी चीजें डाल कर अच्छे से मिला लेंइसके बाद इसमें स्वादानुसार नमक डालें। अब इस आटे को अच्छी तरह से गूंथ लें। गूंथे हुए आटे ते कभी तुरंत पराठे ना बनाए, बल्कि इसे कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इस आटे से छोटी-छोटी लोइयां तैयार करेंअब इन लोइंयों से पराठे बनाएं और इन्हें गैस पर दोनों तरफ से तेल लगाकर सेक लें। आप चाहें तो तिकोने आकार के मेथी के पराठे भी बना सकती हैं। जब ये कुरकुरी तरह से सिक जाएं तो एक प्लेट में निकाल कर अचार और दही से साथ इसे परोसें।

## नए साल में काले घोड़े की नाल की इन उपायों से करियर में मिल सकती है सफलता

कुछ ही दिनों बाद नया साल आरंभ हो जाएगा। जिसमें ग्रह-नक्षत्रों के स्थान में परिवर्तन भी होगा। इससे व्यक्ति के जीवन में अशुभ और अशुभ प्रभाव पड़ सकता है। नया साल आने में अब कुछ ही दिन शेष है। इस दिन ग्रहों के स्थान में भी परिवर्तन होगा। जिससे के जीवन में व्यक्ति को शुभ और अशुभ प्रभाव को देखने को मिल सकता है। वहीं वास्तु शास्त्र में नए साल कुछ ऐसे उपाय हैं, जिसे करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन खुशहाल हो सकता है। इस दिन ऐसी मान्यता है कि काले घोड़े की नाल को घर में लगाने से सकारात्मकता का संचार होता है और नजर दोष से भी छुटकारा मिल सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से घोड़े के नाल की उपाय के बारे में जानते हैं।



### नौकरी में सफलता प्राप्ति के लिए उपाय

अगर किसी व्यक्ति को मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही है और नौकरी में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो नए साल के पहले दिन काले घोड़े की नाल से बने छल्ले को मध्यमा अंगुली में धारण करें। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से व्यक्ति को जल्दी नौकरी में शुभ योगों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में पॉजिटिविटी का संचार भी हो सकता है।

### रोग दोष से छुटकारा पाने के लिए उपाय

अगर किसी व्यक्ति को किसी बीमारी का सामना करना पड़ रहा है, तो घोड़े की नाल की 4 कील बनाएं और सवा किलो उड़द की दाल, एक सूखा नारियल लें। इसे बीमार व्यक्ति के ऊपर से 7 बार वार कर बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें। इस उपाय को करने से सेहत में जल्द सुधार हो सकता है और नजर दोष (नजर दोष उपाय) से भी राहत मिल सकता है।

### इस दिशा में लगाएं घोड़े की नाल

वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर नए साल के दिन काले घोड़े की नाल को घर की उत्तर या पूर्व दिशा में लगाया जाए, तो इसे शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसे घर में लगाने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है और व्यक्ति के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव होता है। इसलिए इस दिशा में जरूर घोड़े की नाल लगाएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कार में मृत पाए गए पैरासाइट फेम अभिनेता ली सुन क्यून



**सियोल।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता ली सुन क्यून (48 वर्ष) बुधवार 27 दिसंबर को अपनी कार में मृत पाए गए। फिल्म पैरासाइट में अपने अभिनय से उन्होंने दुनियाभर में खास पहचान बनाई थी। अभिनेता को कथित तौर पर सियोल के सेओंगबुक जिले में उनकी कार में बेहोश पाया गया था, जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसियों की रिपोर्ट्स के मुताबिक स्थानीय पुलिस को आत्महत्या का संदेह है। उन पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग मामले में जांच चल रही थी। कई दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसियों ने एक्स पर ली सन क्यून की मौत की खबर की पुष्टि की है। वे नशीली दवाओं के संदिग्ध उपयोग को लेकर जांच का सामना कर रहे थे। सोम्पी की एक रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को एक महिला का फोन आया, जिसने कहा कि उनके पति एक सुसाइड नोट लिखने के बाद घर से चले गए। बाद में, पुलिस ने पुष्टि की कि वे और कोई नहीं बल्कि ली सन क्यून ही थे। पुलिस ने बताया है कि उनकी पहचान की पुष्टि हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस को ली की कार के अंदर जले हुए चारकोल ब्रिकेट के सबूत मिले है।

### टॉलीवुड

## बॉयफ्रेंड से शादी रचाने वाली खबरों पर श्रुति हासन ने तोड़ी चुप्पी नोट साझा कर ओरी को लताड़ा



**चेन्नई।** साउथ की दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी ओरी ने कपल को लेकर कुछ ऐसी बात कह दी है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा होने लगा है। अब अभिनेत्री ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। जानते हैं कि मामला क्या है। अभिनेत्री श्रुति हासन लंबे समय से अपने बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका के साथ लिव इन में रह रही हैं। हाल ही में, ओरी ने अपने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन रखा था, जिसमें एक यूजर ने पूछा कि क्या किसी सेलिब्रिटी ने फोटो खिंचवाने के लिए उन्हें एटिट्यूड दिखाया है तो इसपर ओरी ने कहा कि श्रुति हासन और आगे उन्होंने अभिनेत्री के बॉयफ्रेंड को उनका पति कह दिया, जिसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि श्रुति ने अपने बॉयफ्रेंड से गुपचुप शादी रचा ली है। अब अभिनेत्री ने इस बयान को लेकर सफाई दी है। हाल ही में, अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, ₹तो, मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती हैं।

### छॉलीवुड

## 'माटीपुत्र' में मुस्कान संग बतौर नायक डेब्यू करेंगे शिवा 12 जनवरी को रिलीज की तैयारी



**रायपुर।** श्री साईं गुरु फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर में बनी छत्तीसगढ़ फिल्म 'माटीपुत्र' के ट्रेलर और पोस्टर् संग प्रदर्शन की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। बताया जा रहा है कि नए साल में 12 जनवरी को यह फिल्म प्रदर्शित होगी। निर्माता तनु साहू और निर्देशक संतोष देशमुख की इस फिल्म की कहानी व परिकल्पना शिव साहू की है। जिसकी पटकथा लिखी है नवीन देशमुख ने। इस फिल्म में शिवा साहू बतौर नायक छॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ी सिनेमा के प्रमुख कलाकार मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, मनोज जोशी, अंजलि चौहान, अजय पटेल, राजेश बोनिक, नवीन देशमुख, हर्ष सहारे, राजू पांडे, नरेंद्र दावड़ा, सुभ्रत शर्मा, शेख अंसार, भानुमती कोसरे, सुधीर रंगारी, दादू साहू, किशोर और राजू साहू भी नजर आएंगे। माटीपुत्र फिल्म के ट्रेलर को प्रशंसा मिल रही है। इसमें दंगल में पहलवानी के साथ-साथ एक्शन, मारधाड़ के बीच खुबसूरत अदाकारा मुस्कान साहू के साथ प्रेमगीत खुबसूरत लोकेशन में फिल्माए गए हैं। फिलहाल पूरी टीम को फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

## लाइफ स्टाइल

### फैशन परेड

नार्थ इंडिया फैशन वीक का देश के भीतर प्राय: हर डिजाइनर को इंतजार रहता है। यह फैशन शो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और उत्तर प्रदेश सहित उत्तरी भारत के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभा और समृद्ध शिल्प कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रसिद्ध है। एनआईएफडब्ल्यू महत्वाकांक्षी फैशन डिजाइनरों के साथ-साथ ट्रेंड सेटरों के लिए यह फैशन शो अपनी एक अलग पहचान रखता है। हाल ही में कोलकाता में हुए शो की एक झलक..



## सिर से बर्फ की तरह गिर रहा है डैंड्रफ तो राहत के लिए अपनाएं इन्हें

दिसंबर के महीने से सर्दी की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम की शुरुआत से ही त्वचा में कई बदलाव दिखने लगते हैं। जिस तरह से त्वचा को सर्दियों में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत पड़ती है, ठीक उसी तरह से सिर के स्कैल्प का भी सर्दियों में खास ध्यान रखना पड़ता है। अगर आप सही से सिर का ध्यान नहीं रखेंगे तो स्कैल्प में डैंड्रफ जमने लगता है।कई बार ऐसा होता है कि इसकी वजह से शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप स्कैल्प पर जमी रूसी से छुटकारा पा सकते हैं। इन चीजों



के इस्तेमाल के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नीम के तेल में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल अपने सिर से डैंड्रफ को दूर भगाने के लिए कर सकते हैं। प्याज के रस को स्कैल्प पर लगाने से भी डैंड्रफ कम हो सकता है। आप आसानी से घर पर बिना केमिकल वाला प्याज का रस निकाल सकते हैं। इसे बस आपको रुई की मदद से अपने सिर में लगाना है। मेथी को रातभर भिगोकर सुबह उसे पीस लें। अब इसे दही में मिलाकर अपने बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपको जरूर राहत मिलेगी। 10 नीम के पत्तों का पेस्ट लें और उसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। अब इसका इस्तेमाल आप अपने सिर पर जमे डैंड्रफ हटाने में कर सकते हैं। एक कटोरी में गुनगुना नारियल का तेल लेकर उसमें नींबू का रस मिलाएं। अब इसे अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं।

## पैरों में दिखने लगी है ड्राईनेस तो इसे दूर करने के लिए घर पर करें पेडिक्योर

सर्दियों के मौसम में ड्राईनेस की समस्या सबसे ज्यादा होती है। कई सारे लोग ऐसे होते हैं जिनकी स्किन ही ड्राई होती है, उन्हें इस मौसम में और ज्यादा दिक्कत बढ़ने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि आप घरेलू तरीकों को ट्राई करके पेडिक्योर करें ताकि स्किन सॉफ्ट नजर आए। चलिए बताते हैं आपको इनके तरीके। पैडिक्योर करने के लिए सबसे पहले आपको गर्म पानी करना है और उसमें अपने पैरों को 10-15 मिनट के लिए भिगोकर रखना है ताकि डेड स्किन सॉफ्ट हो जाए और अपने आप थोड़ा-थोड़ा हटने ले। इसके बाद आपको नेल्स फाइलर लेना है और उसकी मदद से अच्छे से अपने नेल्स को साफ करना है, ताकि आपके नेल्स (घर पर पैडिक्योर करने का तरीका) साफ नजर आए। इस बात का ध्यान रखें कि पेडिक्योर करने से पहले अपने नाखूनों पर से नेल पेंट भी साफ कर लें।



## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े




जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो जानिए कि किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा। दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

### पेस्टल रंग

इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

### रॉयल ब्लू

ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

### एमरॉल्ड ग्रीन

हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

### पर्पल

वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।



### मैटेलिक रंग

अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### ब्लैक रंग


अगर बात करें काले रंग की तो ये रंग तो एवरग्रीन है। आप इसे ऑफिस से लेकर क्लब तक में पहनकर धमाल मचा सकती हैं। शादी के दिन भी ये रंग काफी रॉयल लुक देता है।

### व्हाइट रंग

चाहे कितने भी रंग-बिरंगे कपड़े पहन लो, लेकिन अगर बात सफेद रंग की आती है, तो इसका लुक अलग ही देखने को मिलता है। ऐसे में आप इस रंग का कम से कम एक आउटफिट अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

## वेडिंग फंक्शन के लिए बेस्ट रहेंगे ये सिंपल आई मेकअप, जानें इन्हें करने का तरीका

मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है। वहीं रोजाना से लेकर हम किसी भी फंक्शन तक में जाने के लिए कई तरीके के लुक्स को री-क्रिएट करते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स रोजाना मार्केट में कुछ न कुछ नया लेकर आते ही रहते हैं, लेकिन मेकअप करने की कुछ तकनीक आज भी वही है। वेडिंग फंक्शन में जाने के लिए खासकर मेकअप समय के हिसाब से किया जाता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ आई मेकअप जिन्हें आप आसानी से किसी भी शादी व फंक्शन में ट्राई कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।



**न्यूट्रल मेकअप लुक:** अगर आप सटल कलर कॉम्बिनेशन के मेकअप लुक्स को कैरी करना पसंद करती हैं तो इस तरह के लाइट ब्राउन मेकअप लुक को चुन सकती हैं। इस तरीके का मेकअप लुक आप दिन या रात की शादी के लिए चुन सकती हैं। देखने में इस तरीके का मेकअप काफी सोबर लुक देने में मदद करता है। वहीं बेस के लिए आप ड्युई मेकअप लुक को चुनें। ऐसा करने से आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा।

### स्मोकी आई मेकअप

*देखने में यह काफी बोल्ड लुक नजर आता है। वहीं इस तरह के आई मेकअप को क्रिएट करने के लिए आप ब्लैक कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आप बिल्कुल न्यूड कलर को चुन सकती हैं। न्यूड कलर के लिप शेड को चुनने के लिए आप अपनी स्किन टोन का खास ख्याल रखें। यह नाइट मेकअप लुक है तो कंटूरिंग को आप थोड़ा शार्प करें ताकि लुक कम्प्लीट नजर आए।*

### विंग आई लाइनर लुक

*रेट्रो और बोल्ड स्टाइल का मेकअप पसंद है तो किस तरीके से आप लिप्स के लिए रेड कलर को चुन सकती हैं। बोल्ड रेड लिप्स के साथ आप आंखों के लिए विंग-आई लाइनर लुक को चुनें। इस तरह के मेकअप लुक के साथ आप विंग-आई लाइनर लगाते आई शेप का खासतौर से ख्याल रखें ताकि आई मेकअप खूबसूरत नजर आए।*

## गर्म ऊनी कपड़ों की ऐसे करें केयर, सालों तक नहीं होंगे खराब

सर्दी के सीजन में गर्म कपड़ों को सही तरीके से पहनने के साथ उनकी केयर भी करनी होती है। तब जाकर ऊनी कपड़ों के रेशे, कलर फेड और लूज होने से बचा सकते हैं। इसलिए ऊनी कपड़ों का ख्याल रखना जान लेना चाहिए। ऊनी या सर्दी के कपड़े (स्वेटर, जैकेट, ब्लेजर आदि) काफी महंगे होते हैं। इनको हर साल खरीद नहीं सकते हैं। इसलिए आपको विंटर ड्रेस केयर टिप्स जान लेना जरूरी है ताकि हम पैसों के साथ कपड़ों को भी बचा सकें।



**विंटर ड्रेस न करें शेयर:** सर्दी के कपड़े ही नहीं कोई भी ड्रेस शेयर नहीं करनी चाहिए। खासकर ऊनी कपड़ों को न दें क्योंकि इस कारण ड्रेस लूज हो सकती है। इसके कई कारण हैं। जैसे- यदि उस व्यक्ति को कपड़े को खींचकर पहनने की आदत हो या उसका बॉडी साइज बड़ा हो तो इस कारण कपड़ा लूज हो सकता है। इसलिए अपनी ड्रेस किसी और को पहनने न दें।

**पहनकर न सोएं गर्म कपड़े:** सर्दी के मौसम में आलस्य बढ़ जाता है। एक बार गर्म कपड़ों को पहनने के बाद उतारने का मन नहीं करता है। इसी वजह से कई लोग स्वेटर, जैकेट को पहनकर सो जाते हैं। ऊनी कपड़ों पर रेशे के आने का यह मुख्य कारण है। अगर आप अपने ऊनी कपड़ों को सही रखना चाहते हैं तो कभी भी पहनकर न सोएं। कपड़े को सोने से पहले उतार दें और उसे हैंगर में टांग दें। अगर उसको तकिये के पास या ऐसे ही कहीं फेंक देंगे तो उसकी वजह से भी कपड़े खराब होंगे। इसलिए ऊनी कपड़ों को उतारकर रख दें और तब सोने जाएं।

कब धोएं गर्म कपड़े?

कई लोगों को कपड़ों को बार-बार धोने की आदत होती है। जबकि ऊनी कपड़ों को बार-बार धोने की जरूरत नहीं है। इसलिए हमें तय करना है कि कपड़े कब धोने हैं और कब नहीं। यदि गर्म कपड़े बहुत अधिक गंदे हो गए हैं या उनसे बदबू आ रही है तब उन्हें धोएं। साथ ही कपड़ों को बिना पानी के भी धो सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

## अलग-अलग डिजाइन में लेटेस्ट फैशन अपनाना समझदारी भरा कदम

# रिसेप्शन पार्टी में वियर करें साड़ी, दिखेंगी सबसे खूबसूरत

रिसेप्शन पार्टी में सबसे अलग दिखने के लिए साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। आजकल इंडो वेस्टर्न का फैशन काफी ट्रेंड में है इसे हर कोई स्टाइल करना पसंद करता है। लेकिन साड़ी भी आजकल लड़कियों को पहनना काफी पसंद होती हैं। इसमें अलग-अलग डिजाइंस मिल जाते हैं, जिन्हें आप अपने हिसाब से वियर कर सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए भी आपको साड़ी में अलग-अलग डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप सबसे सुंदर लगेंगी। चलिए देखते हैं लेटेस्ट डिजाइन।

### रेड नेट फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी

अगर आपको एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी स्टाइल करना पसंद बै तो इसके लिए आप इस रेड साड़ी लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी। इसमें वन वर्क मिलता है, साथ ही दिखने में हैवी लगती है लेकिन पहनने के बाद स्टाइलिश लगती है। आजकल इसका काफी ट्रेंड चल रहा है। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज वियर करें। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में खरीदी जा सकती है। इस साड़ी के साथ आप ग्लॉसी मेकअप लुक और ओपन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।



### फ्लेयर साड़ी

अगर आपको इंडियन के साथ-साथ वेस्टर्न लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप फ्लेयर साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। ये काफी (शिल्पा शेट्टी साड़ी लुक) क्लासी लगती हैं साथ ही लुक को परफेक्ट बनाती हैं। इसमें आपकी बेली भी काफी अच्छी नजर आती है। इस तरीके की साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपको ज्यादा कुछ वियर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे ही आपका रिसेप्शन लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आप सिंपल नेकलेस चेन और ओपन हेयर स्टाइल लुक क्रिएट कर सकती हैं। इन साड़ी डिजाइंस को रिसेप्शन में करें वियर इससे आपका लुक काफी सुंदर नजर आएगा।



### सीक्वेंस वर्क साड़ी

*साड़ी में आजकल सीक्वेंस वर्क भी काफी ट्रेंड में है ये भी काफी क्लासी और अच्छा लगता है। आजकल के ट्रेंड के हिसाब से इसमें (साड़ी लुक) आप लैवेंडर कलर ले सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए ये काफी अच्छा साड़ी का ऑप्शन है। मार्केट में इस डिजाइन और कलर के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप 1000 से 2000 में खरीद सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क ज्वेलरी और बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।*

